वर्ष- 22 अंक - 61 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

# सिटी ब्लास्ट

इंदौर, बुधवार 12 अगस्त 2026




## दौड़ लगाते दिखे कांवड़िया कपल

बुधवार ● एजेंसी

सावन के महीने में कांवडिये अलग-अलग वेश में अलग-अलग तरीके से कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं। अब एक वीडियो सामने आया है जिसमें सड़क पर दौड़ रहे एक नंदी पर सवार होकर पति-पत्नी कांवड़ में जल भरने के लिए जा रहे हैं। हकीकत में ये दोनों नंदी पर सवार नहीं हैं, बल्कि इन्होंने अपनी मोटर साइकिल को नंदी का रूप दिया है। जब इनकी गाड़ी सड़क पर दौड़ती है तो ऐसा लगता है कि सड़क पर नंदी दौड़ रहा है।

## मुंबई में झोपड़ियों पर गिरा पहाड़ 2 की मौत, कई दबे

घाटकोचर ● एजेंसी

मुंबई के घाटकोपर पश्चिम इलाके में आज तड़के बड़ा हादसा हो गया। नवाज चॉल में लोग सो रहे थे, तभी अचानक पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा झोपड़ियों पर गिर गया। हादसा रात करीब 3 बजे हुआ। भूस्खलन की चपेट में करीब 6-7 झोपड़ियां आ गईं। अब तक दो शव निकाले गए हैं। अब भी 4-5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। हादसा इतना अचानक हुआ कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

## ट्रेन में आग से मचा हड़कंप

**सहरसा.एजेंसी।** सहरसा-मानसी रेलखंड के सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर आज सुबह हटिया-कोसी एक्सप्रेस के ब्रेक पैड में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही बोगी के नीचे से आग की लपटें और घना धुआं निकलने लगा। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

## शराब पीते हैं, मांस खाते हैं, जनेऊ पहनते हैं?

### राम मंदिर सीईओ पद के इंटरव्यू में पूछे गए ये सवाल

अयोध्या ● एजेंसी

राम मंदिर में सीईओ पद के लिए कल 10 उम्मीदवारों के इंटरव्यू हुए। आज 8 उम्मीदवारों के इंटरव्यू होंगे। उम्मीदवारों से पूछा गया कि क्या वे शराब पीते हैं, मांस खाते हैं, चोटी और जनेऊ धारण करते हैं या नहीं। हिन्दू धर्म के हिसाब से पोशाक पहनते हां या नहीं। इसके अलावा भी उनके हिन्दू धर्म से जुड़े कई सवाल पूछे गए।

## 36 घंटे बाद मलबे से जिंदा निकली महिला

**बुधवार.एजेंसी। कोलंबिया में आए भूकंप से अब तक मृतकों की संख्या 240 के पार हो गई है। जबकि सैकड़ों लोग अभी भी मलबे में दबे हुए हैं। मलबे में से एक महिला 36 घंटे बाद जिंदा निकली। पिछले 24 घंटे में यहां भूकंप के 30 झटके आ चुके हैं।**

### मास्टरमाइंड अभय तिवारी ने कबूला

## झारखंड भर्ती घोटाले में लाखों का लेनदेन हुआ

रांची ● एजेंसी

झारखंड में जेपीएससी भर्ती घोटाले में गिरफ्तार अभय तिवारी ने सीआईडी को बताया कि 11वीं से 13वीं परीक्षा में भी इंटरव्यू के नंबर पैसे लेकर बढ़ाए गए थे। उसने एफआरओ और एसीएफ पदों के लिए 20 अभ्यर्थियों से 5.80 करोड़ रुपए वसूलने की बात कबूली। सीडीपीओ परीक्षा में भी 10 लाख रुपए लेने की जानकारी दी।

एफआरओ के एक पद के लिए 20 से 25 लाख रुपए की बोली लगती थी जबकि एसीएफ के लिए यह रकम 30 से 35 लाख रुपए तक जाती थी। इसके अलावा उसने सीडीपीओ परीक्षा में भी अभ्यर्थियों से 10 लाख रुपए लेने की बात मानी है।

### बहुमंजिला इमारत में आग से बच्चे और मेड की मौत

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई के विलेपार्ले पश्चिम स्थित 'शांता भुवन' की 11वीं मंजिल पर देर रात भीषण आग लग गई, जिसमें ढाई साल के मासूम अबीर और उसकी 23 वर्षीय मेड अंकिता की मौत हो गई।

## अब बांग्लादेश में दौड़ेगी हिन्दुस्तानी ट्रेन




### भारत देगा एलबीएच रेक, एसी-स्लीपर समेत होंगे 19 कोच

कपूरथला ● एजेंसी

भारत आज बांग्लादेश रेलवे के लिए 19 कोच वाली पहली एलएचबी ब्रॉड गेज पैसेंजर रेक कपूरथला रेल कोच फैक्ट्री से रवाना करेगा। बांग्लादेश ने 200 आधुनिक ब्रॉड गेज पैसेंजर कोच की सप्लाई के लिए भारतीय रेल से डील की है। उसी डील की पहली खेप में 19 मेड इन इंडिया रेल कोच बांग्लादेश को सौंपे जाएंगे।

### पन्ना में मजदूरों की चमकी किस्मत 50 लाख का हीरा मिला

**पन्ना.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के पन्ना में 7 मजदूरों की किस्मत उस समय चमक गई, जब उन्हें सरकोहा गांव की एक उथली खदान में करीब 50 लाख का 16.96 कैरेट का उच्च गुणवत्ता वाला हीरा मिला। वर्ष 2024 में इन मजदूरों ने मिलकर इस खदान की लीज ली थी। अब इनमें से 3 मजदूर अपनी शादी की तैयारी कर रहे हैं।

### न्यूज ब्रीफ...

## नाव पलटी

### 15 मरे, 27 लापता

**हरारे.एजेंसी।** जिम्बाब्वे की करिबा झील में क्षमता से ज्यादा यात्रियों से भरी एक नाव पलट गई। हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग लापता हैं। 77 लोगों को बचा लिया गया। नाव में 114 वयस्क यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे। नाव की क्षमता 90 लोगों की थी।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस के परपोते जेन-झेड के लिए बनाएंगे नई पार्टी

**बुधवार.एजेंसी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के परपोते चंद्र कुमार बोस ने 'आजाद हिंद पार्टी' बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दिया है और इससे पहले वे बीजेपी में भी रह चुके हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों से प्रेरित होकर चंद्र कुमार बोस देश के युवाओं को साथ लेकर पार्टी बना रहे हैं।

### जेपीसी को भेजा जाएगा एफसीआरए बिल

**नई दिल्ली.एजेंसी।** विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक को सरकार ने संयुक्त समिति यानी JPC को भेजने का फैसला किया है। इससे पहले राज्यसभा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में कांग्रेस और टीएमसी ने इस बिल को वापस लेने की मांग की थी।

### ट्रक-ऑटो की टक्कर, 6 की मौत, 6 घायल

**रंगारेड्डी.एजेंसी।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में ऑटो-रिक्शा और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई, 6 लोग घायल हुए हैं। ऑटो में ड्राइवर के अलावा 11 महिलाएं सवार थीं। सभी कर्नाटक के बीदर की रहने वाली कृषि मजदूर थीं और काम खत्म करके घर लौट रही थीं। मरने वालों में एक ऑटो ड्राइवर और 5 महिलाएं थीं।

### चौथे बच्चे पर नहीं मिलेगी मैटरनिटी लीव

**इलाहाबाद.एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक सरकारी कर्मचारी की चौथी बार मैटरनिटी लीव की मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा नियमों के तहत चौथे बच्चे के लिए मैटरनिटी लीव नहीं दी जा सकती।

## एयरपोर्ट पर टक्कर, बड़ा हादसा टला




**मिलान.एजेंसी।** इटली के मिलान में एक एयरपोर्ट पर रनवे की ओर बढ़ रहे एक प्राइवेट जेट के सामने अचानक एक सफेद कार आ गई और सीधे विमान के अगले हिस्से से टकरा गई। टक्कर के बाद एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए विमानों की आवाजाही रोकनी पड़ी।

### पाकिस्तान के सीक्रेट बजट पर अमेरिका ने चलाया हथौड़ा

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** पाकिस्तान पर उसका अपना दांव ही उल्टा पड़ता नजर आ रहा है। भीख का कटोरा लेकर वो अमेरिका के सामने पहुंचा तो था लेकिन अब यूएस ने उसे झटका दे दिया है। अमेरिका की ओर से सीधे कहा गया है कि बजट तो हमने दिया पर आपको हिसाब देना पड़ेगा खासतौर पर मिलिट्री और खुफिया एजेंसी के खर्चे का। अमेरिका ने पाकिस्तान से यह हिसाब मांगा है कि वह अपनी सेना और आईएसआई पर कितना खर्च करता है।

# अश्विन जोशी समर्थक दिखे कार्यक्रम के नाम एकजुट

## पिंटू जोशी और समर्थकों की रही दूरी, शहर कांग्रेस के पदाधिकारी और 3 नम्बर के दावेदार भी दिखे साथ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हमेशा पूर्व विधायक अश्विन जोशी कार्यक्रम आयोजित करते रहे। वे अब नहीं है तो भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका समाचार कल सिटी ब्लास्ट ने प्रकाशित किया था और इसी देश भक्ति के कार्यक्रम के लिए मीडिया को जानकारी देने में भी कांग्रेस की गुटबाजी साफतौर से नजर आई। विधानसभा 3 में ऐसा लग रहा था कि अब अश्विन जोशी के उत्तराधिकारी कहीं नजर नहीं आएंगे, लेकिन जब उनकी पत्नी मनप्रीत जोशी के नाम से समाचार की जानकारी सामने आई और उसके बाद कल जब मीडिया के समक्ष कार्यक्रम की जानकारी देने अश्विन जोशी के बेटे बिट्टू जोशी सामने आए तो उनका साथ देने अश्विन जोशी के पुराने समर्थक बड़ी संख्या में पहुंचे। विधानसभा 3 में पिंटू जोशी, अरविंद बागड़ी, शैलेष गर्ग को कांग्रेस की ओर से विधानसभा चुनाव में दावेदार माना जा रहा था तभी कल अश्विन जोशी के बेटे बिट्टू ने सामने आकर उम्मीद का नया चेहरा विधानसभा 3 में अचानक सामने ला दिया, समर्थकों ने साथ दिया। वहीं महत्वपूर्ण बात यह हुई कि जीतू पटवारी के निवास पर पिछले माह विधानसभा प्रभारियों और महत्वपूर्ण जिम्मेदारों के साथ जीतू पटवारी ने बैठक ली थी और उस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और 3 नम्बर विधानसभा प्रभारी पिंटू जोशी के बीच गर्म तकरार हुई थी उसी बात का असर भी कल दिखा कि बिट्टू जोशी का साथ देने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल और कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग, इम्तियाज बेलिम भी पहुंचे। खास बात यह भी रही कि पिंटू जोशी और उनके सारे समर्थक कल नदारद थे, वे आए नहीं या बुलाया नहीं गया यह स्पष्ट नहीं हो सका। अश्विन समर्थक तो यही कह रहे थे कि पिंटू को बुलाया नहीं गया है। 14 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम और कल की मीडिया से चर्चा को 3 नम्बर विधानसभा की कांग्रेस राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेसी कल यह भी कहते रहे कि पटवारी के निवास पर तकरार के बाद से हुए कार्यक्रम में पिंटू जोशी और उनके ब्लॉक पदाधिकारी सहित अन्य समर्थकों ने दूरी बना रखी थी। कुछ कांग्रेसी यह भी बोले कि पिंटू जोशी यह मान रहे हैं कि विधानसभा 3 से उनका लड़ना फिर से तय है, लेकिन अचानक कल के घटनाक्रम ने सभी को चौंका दिया। कल इस मीडिया जानकारी के बाद से कांग्रेसी कहते दिखे कि अब अश्विन जोशी के उत्तराधिकारी के रूप में बिट्टू जोशी या धर्मपत्नी मनप्रीत भी दावेदारी कर सकती है। बिट्टू ने कल मीडिया से कहा कि पिताजी की स्मृति में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाना है और उनके पिता ने जो परम्परा सभी के सहयोग से शुरू की थी उसे हम जारी रखेंगे। प्रमुख रूप से विपिन वानखेडे, चिंटू चौकसे, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, अरविन्द बागड़ी, इम्तियाज बेलिम, सत्यनरायाण सलवाडिया, अनवर दस्तक, अंसाफ अंसारी, रफीक खान, दीपू यादव सहित अन्य मौजूद थे।



## मेनन ने जाना मोघे का स्वास्थ्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे के करीबी जेपी मूलचंदानी ने बताया कि इन दिनों स्वास्थ्य लाभ ले रहे कृष्णमुरारी मोघे का स्वास्थ्य हाल जानने भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन पहुंचे।

## जनप्रतिनिधियों ने दी टीन शेड लोकार्पण की सौगात

### मामला राजकुमार ब्रिज सब्जी मंडी का, जहां 30 लाख की लागत से बना टीन शेड



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 5 के वार्ड 47 स्थित राजकुमार ब्रिज सब्जी मंडी में व्यापारियों की सुविधा के लिए बनाए गए टीन शेड का लोकार्पण विधायक महेन्द्र हार्डिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया ने किया। इस टीन शेड के बाद अब बरसात में सब्जी व्यापारियों को राहत मिलेगी। इस मामले में जनप्रतिनिधियों ने सब्जी व्यापारियों से आग्रह किया कि वे ठेला लगाकर रोड पर नहीं खड़े हो बल्कि इस टीन शेड के नीचे अपना व्यवसाय करें। यातायात को बाधित ना होने दें। सब्जी व्यापारियों ने पार्षद को बताया कि यूरिनल निर्माण कराए जाए, पार्षद ने तत्काल बात महापौर को बताई और महापौर ने तत्काल आर्डर भी कर दिए। यशवंत काशिद, रघु यादव, सतीश लंबाते, बंटी भोरूड़े, पंकज ठाकुर, धर्मेंद्र साहू, मनीष चौधरी, सोनू काशिद, आयुष विजयवर्गीय, रिंकू बाथरी, राजेंद्र खंडेलवाल, विनीत सेन, ज्ञानी रायकवार, अजेश शिरा, हितेशसिंह ठाकुर मौजूद थे।

## मंत्री ने किया महावीर जैन का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धार स्थित गार्डन में मीडियाकर्मी और प्रतिभा सम्मान समारोह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं जूही भार्गव की मौजूदगी में किया गया। महावीर जैन का भी सम्मान नागरिक अभिनंदन के रूप में हुआ। वहीं ओमप्रकाश फरक्या, गिरिश कोपरगांवकर, सुमिता सिरोठिया, श्री पंवार का भी सम्मान किया गया। इनके अलावा राशिका नीमा, सुमन त्रिपाठी, रचना महंत, सुनीला दुबे, किरण बाफना, विनोद निगम, अमर गोमे, राजेश धाकड़, सुरेश वर्मा, जितेन्द्र मौर्य का सम्मान किया गया। रेणु सोलंकी, ज्योति नामदेव, साधना सिंह, रूपेश वर्मा, प्रवीण मोर्य, सचिन नीमा, उमेश पांडे, सुरेश वर्मा, दिलीप मोर्य, नीलेश वर्मा, सोनू मालवीय, सत्यनारायण मंडोवरा ने अपनी भूमिका निभाई।





## पूर्व और वर्तमान पार्षद के निवास पर 1 लाख पार्थिव शिवलिंग अनुष्ठान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्व पार्षद के.के. यादव और वर्तमान पार्षद शिवम यादव के निवास बाणगंगा पर मंजू केके यादव एवं राशि शिवम यादव की अगुवाई में 1 लाख पार्थिव शिवलिंग अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यह आयोजन के.के. यादव के मार्गदर्शन में 35 वर्षों से किया जा रहा है। मंजू यादव, और राशि यादव ने बताया कि द्वादश ज्योर्तिलिंग का निर्माण किया गया और फिर 1 लाख पार्थिव का निर्माण कर पूजन अर्चन किया। भजन-कीर्तन, महाआरती व फलाहारी प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। आयोजन में संस्था नमो नवग्रह शनि, संस्था सत्यमेव जयते के साथ ही स्थानीय मातृशक्ति शामिल थी। मंजू केके यादव ने बताया कि वे वर्ष भर प्रतिदिन 1000 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजन करती है जिसे हजारीलाल भी कहा जाता है। वहीं हर वर्ष श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर क्षेत्र की समस्त शिवभक्त मातृशक्तियों के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का वृहद आयोजन, पूजन, अनुष्ठान, महाआरती एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होता है। बडी संख्या में मातृशक्तियां इस धार्मिक आयोजन में मौजूद रही।

## सिलावट करेंगे ध्वजारोहण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी मैदान में होगा। इस आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। कल अंतिम रिहर्सल होगी। ध्वजारोहण के लिए शासन ने अलग-अलग जिलों के लिए जिम्मेदारी तय की है। इंदौर में मंत्री तुलसीराम सिलावट महेश गार्ड लाइन में होने वाले मुख्य समारोह में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे बधाई संदेश का वाचन भी करेंगे। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा परेड का आयोजन होगा। समारोह में विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। इस अवसर पर वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

## स्वामी परमानंद गिरि से लिया आशीर्वाद





### मंत्री विजयवर्गीय ने सुनाया भजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अखंड परम धाम आश्रम खंडवा रोड पर सात दिवसीय ध्यान एवं योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बडी संख्या में युगपुरुष स्वामी परमानंदगिरि के प्रवचन सुनने श्रद्धालु पहुंच रहे है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी संत गिरि से आशीर्वाद लिया। विजयवर्गीय ने एक कीर्तन भी गाया। स्वामी ज्योतिर्मयानंद, साध्वी आदित्य चेतना गिरि, साध्वी चैतन्य सिंधु, विजय शादीजा, विष्णु कटारिया, दिनेश गोयल, रामबाबू अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विजय गोयनका, श्यामलाल मक्कड़,किशनलाल पाहवा, मुकेश राजानी, नरेन्द्र सोनी मौजूद थे।

## रविवार को होगी आंखों की जांच

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रविवार 16 अगस्त को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गुरुद्वारा दशमेश दर्शन, बैराठी कॉलोनी में आंखों की जांच शिविर लगाया जाएगा। उक्त जानकारी सन्नी राजपाल ने देते हुए बताया कि मोबाइल, कम्प्यूटर के कारण आंखों की समस्याएं लगातार बढ़ रही है। इसीलिए शिविर नेत्र एवं दृष्टि जाँच प्रोफेशनल ऑप्टोमेट्रिस्ट से परामर्श आँखों की देखभाल के लिए लगाया जाएगा।

# कांग्रेस प्रदेश के साथ इंदौर में भी उठाएगी राम मंदिर चंदा चोरी का मुद्दा

**अफेयर कमेटी में महिला कांग्रेस अध्यक्ष को कहा तत्काल नई महिलाओं को बनाया जाए अध्यक्ष, सिंघार बोले भाजपा सरकार में 62 लाख कांग्रेसियों पर हुए है प्रकरण दर्ज, राहुल गांधी का दौरा उज्जैन या रीवा में हो सकता है, इंदौर का नाम नहीं**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल प्रदेश कांग्रेस ने अपनी पोलिटिकल अफेयर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक भोपाल कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की। जीतू पटवारी, हरीश चौधरी सहित कांग्रेस के बड़े और महत्वपूर्ण नेताओं की मौजूदगी थी। इस बैठक में कई निर्णय लिए गए। राहुल गांधी का अगले माह सितम्बर में म.प्र. का दौरा होना है। बैठक में यह बात रखी गई कि इंदौर में कई बार राहुल गांधी के कार्यक्रम हो चुके हैं, इंदौर भागीरथपुरा में भी आए थे। इसे देखते हुए अब कार्यक्रम उज्जैन या रीवा में किया जाए। पटवारी ने उज्जैन पर जोर दिया। अजय सिंह ने कहा रीवा वाले बेल्ट में राहुल गांधी का दौरा नहीं हुआ है। प्रस्ताव दोनों जगह का एआईसीसी को भेज देते हैं, जहां स्वीकृत होगा वहां राहुल गांधी का दौरा हो जाएगा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए गठन पर चर्चा हुई। पूरी इकाई को भंग कर दिया गया। एक महीने में नई इकाई बनाना है। मौजूद नेताओं से कहा कि तत्काल पदाधिकारियों के लिए नए नाम दे दिए जाए और जो नाम दे वे सक्रिय नाम दें और काम कर सके वैसे ही नाम दे। प्रदेश कांग्रेस चाहती है कि प्रदेश के 55 जिलों में महिला कांग्रेस के नए अध्यक्ष बने इसके लिए बैठक में मौजूद रीना बौरासी से कहा गया कि पूरे प्रदेश में जहां नियुक्तियां नहीं हुई तत्काल महिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की जाए, नई महिलाओं को मौका दिया जाए और पुरानी कांग्रेस नेत्रियों को सलाहकार समिति में रख लिया जाए। रीना बौरासी ने बताया कि अभी 22 अध्यक्ष प्रदेश में नियुक्त किए गए हैं, 33 अध्यक्षों की नियुक्ति और की जाना है, जो अब युवा महिला अध्यक्षों की होगी। शोभा ओझा ने राम मंदिर चंदा चोरी का मामला उठाया। उसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने तय किया अब इस अयोध्या के श्रीराम मंदिर चंदा चोरी का मामला प्रदेश के सभी 55 जिलों में उठाया जाएगा और कांग्रेस लगातार राम भक्तों को इस आन्दोलित अभियान से जोड़कर अभियान चलाएगी और आम लोगों को यह बताया जाएगा कि किस तरह से राम मंदिर के नाम पर चढ़ावा चोरी किया गया। नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा शासन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर 62 लाख प्रकरण दर्ज हुए है हमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रक्षा के लिए मैदान पकड़ना चाहिए। यह आंकड़ा खुद सरकार ने विधानसभा में दिया है। विवेक तन्खा ने कहा कि हम प्रकरण मामले में पूरी विस्तृत जानकारी निकाले और जिन्हें कानूनी मदद चाहिए उन कांग्रेसियों को मदद दें। कुल मिलाकर कांग्रेस की पोलिटिकल अफेयर कमेटी में संगठन मजबूती के रूप दिखे और जिस तरह से महिला कांग्रेस में युवा महिलाओं की नियुक्ति की मांग हुई, उससे लगता है कि अब कांग्रेस का फोकस युवाओं पर अधिक रहेगा।



## भाजपा का किसान मोर्चा निकालेगा जय जवान - जय किसान तिरंगा यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भाजपा किसान मोर्चा 14 अगस्त को किसानों को ट्रेक्टर पर सवार कर जय जवान - जय किसान तिरंगा यात्रा निकालेगा। इस आयोजन को लेकर कल मोर्चा ने भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजनीश वर्मा, भारत पारख, देवेन्द्र शर्मा, नारायण पटेल, मुकेश पंवार, घनश्याम नारोलिया सहित अन्य मौजूद थे। 13 अगस्त की शाम 3 बजे विश्वविद्यालय खंडवा रोड से राजपथ तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी, जो भंवरकुआं राजीव गांधी सर्कल होते हुए फिर विश्वविद्यालय पहुंचेगी और यह जय जवान - जय किसान यात्रा 14 अगस्त को शिवाजी वाटिका से भंवरकुआं चौराहा, पिपलियापाला चौराहा होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा भोलाराम उस्ताद मार्ग पहुंचेगी। कल हुई बैठक में शेखर चौधरी, गणपतसिंह गौड़, किशोर चौधरी, जितेन्द्र चौधरी मौजूद थे।

### बादल और छिटपुट का दौर जारी रहेगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मौसम विशेषज्ञ राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोमवार और मंगलवार तेज बारिश होना थी, लेकिन कम दबाव का क्षेत्र ठीक नहीं बन पाया इसी कारण पानी आगे निकल गया फिर भी 1 इंच बारिश हो गई। अब 2 दिनों तक इसी तरह बादल बने रहेंगे और छिटपुट बारिश होती रहेगी।

## महू-उज्जैन की चारों ट्रेनों को सिंहस्थ के पहले चालू करें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पश्चिम रेलवे के सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने डॉ. अंबेडकर नगर महू से उज्जैन तक चलने वाली चार ट्रेनों को पुनः चालू करने के लिए पश्चिम रेलवे मुंबई के जीएम को पत्र लिखा है। वर्मा ने बताया कि वर्ष 2012-2013 से डॉक्टर अंबेडकर नगर महू उज्जैन रेल मार्ग की ट्रेन बंद है क्योंकि गेज कनेक्शन के कारण इस मार्ग की ट्रेन रेलवे प्रशासन ने बंद कर दी है। गेज कनेक्शन का कार्य हो चुका है किंतु रेलवे ने इस मार्ग की तीन तथा उज्जैन खंडवा मार्ग की एक ट्रेन बंद की है। सिंहस्थ के कारण लाखों श्रद्धालु उज्जैन-इंदौर आएंगे, इसलिए सिंहस्थ के पहले ही रेलवे इस मार्ग पर पूर्व निर्धारित टाइम टेबल अनुसार चारों ट्रेनों को चालू किया जाना उचित होगा, जिससे श्रद्धालु और रेल यात्रियों को उचित सुविधा मिलेगी। इस संबंध में पश्चिम रेलवे जीएम मुंबई को पत्र लिखकर आग्रह/मांग की है एवं सांसद शंकर लालवानी का ध्यान आकर्षित किया है।



## भाजपा नेता जोगी का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 4 से जुड़े भाजपा नेता पिंटू जोगी का अवतरण दिवस पर सम्मान हुआ। समर्थकों और साथियों द्वारा मिठाई खिलाकर आतिशबाजी भी की गई। इस दौरान पार्षद कमलेश कालरा, मोहित पारीक, अंकित चिंतामन, लेखराज जोगी, दीपेश जोगी, हिमांशु जोगी, चिंटू जुरानी, पुष्कर परमार, कार्तिक जोगी, सुनील सैनी, अरविंद गहलोत, मनीष मलिकानी, लकी छाबड़ा, करण मलकानी, राजेश सोलंकी, आकाश, पियुष, अनु झंझोट, भविष्य जोगी, विजय जोगी, कुशल मोटवानी, अभिषेक खंडेलवाल, विक्रांत पाठक, शिवम चौधरी संतोष मंडले, हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।

## योगमित्र एवं वाटिका उद्यान का लोकार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-5 के वार्ड क्रमांक-40 स्थित गोयल विहार कॉलोनी में नवनिर्मित योगमित्र केन्द्र, उद्यान एवं गणेश वाटिका का लोकार्पण किया गया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव,



एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाडिया, पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार, वासुदेव पाटीदार,विपिन पाटीदार, नेहा शर्मा, दिनेश सोनगरा, रामबाबू यादव, असीम जलधारी, राजेश बाहेती, राजेंद्र दुबे, वैभव शर्मा, निर्मल तिवारी, अंकित खंडेलवाल, विवेक शर्मा, विजय पिल्लई, मुकेश भावसार, मोहित पेठकर, खेमचंद्र चौरसिया, गोपाल पाटीदार, राजू वर्मा, दीपक सेंगर, अर्पित पालीवाल, अंकुर पांडे मौजूद थे।

## चंद्रावतीगंज रेलवे फाटक पर जाम से मिलेगी मुक्ति

**45 करोड़ की लागत से बनेगा रेलवे ओव्हर ब्रिज, टेंडर भी स्वीकृत**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दो साल बाद होने वाले सिंहस्थ के मद्देनजर कई विकास कार्य किए जा रहे है। चंद्रावतीगंज रेलवे फाटक के बंद होने से जाम की स्थिति बनती है। अब यहां 45 करोड़ की लागत से रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। लम्बे समय से ओव्हर ब्रिज की मांग की जा रही थी। बताया जा रहा है कि जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा, क्योंकि टेंडर स्वीकृत हो चुका है। इस मामले में सांसद संकर लालवानी ने कहा कि आगामी सिंहस्थ को ध्यान रखते हुए रेल परियोजनाओं को स्वीकृत कराया जा रहा है। इस मामले में सांसद शंकर लालवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के संबंध में इंदौर की रेल अधोसंरचना से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को विस्तार से रखा था, उसी में चंद्रावतीगंज ओव्हर ब्रिज का मामला भी था।

## आज हरियाली अमावस्या पर आस्था की दरकार

**ओंकारेश्वर और उज्जैन भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, पवित्र नदियों का पूजन भी, घरों में दी जा रही है धूप**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सावन माह के 15 दिन निकल चुके हैं और आज मध्य में हरियाली अमावस्या मनाई जा रही है। घरों में जहां धूप दी जा रही है वहीं कई जगह आज कन्याभोज और पितरों को धूप दी जा रही है। वहीं आज सुबह से भगवान भोलेनाथ के अलावा अन्य मंदिरों में भी पूजन-अर्चन के दौर चल रहे हैं। आज सुबह से गौशालाओं में भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गौ पेटपूजा कराई और सेवाकार्य किया। इधर आज कई श्रद्धालु ओंकारेश्वर, खेड़ीघाट बड़वाह और उज्जैन के अलावा महेश्वर भी पवित्र नदियों के पूजन करने निकले। बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर की पूजा आराधना के लिए आज भीड़ है, वहीं यह स्थिति आज उज्जैन महाकाल बाबा की भी है, जहां बड़ी भीड़ है। क्षिप्रा और नर्मदा नदी में आज पूजन के अलावा चुनरी अर्पण का कार्यक्रम भी किया जा रहा है। आज हरियाली अमावस्या है, इसलिए कई संस्थाओं ने आज सुबह से पौधारोपण के आयोजन भी रखे हैं। कई जगह हनुमान चालीसा के पाठ और सुन्दरकांड के पाठ भी होंगे। इसी कड़ी में पितृ पर्वत पर दोपहर 3:30 बजे हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। इसके बाद पौधारोपण कार्यक्रम भी होगा।

# 28 भवन अनुज्ञा सहायकों के झोन में फिर फेरबदल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम में कल जारी किए गए एक आदेश में 28 भवन अनुज्ञा सहायकों के झोन में फिर बदलाव किया गया है। इसमें एक बार फिर कई सहायकों को कमाई वाला मनचाहा झोन मिल गया है। इन सहायकों को इस झोन से शिकायतों के बाद हटाया गया था और वापस वहीं पर भेज दिया गया है।**

नगर निगम में सबसे कमाई वाली शाखा के रूप में भवन अनुज्ञा शाखा को माना जाता है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा मकान का निर्माण करने के लिए जो नक्शा मंजूर कराया जाता है वह नक्शा इसी शाखा से मंजूर होता है। इस शाखा में अच्छे जोनल कार्यालय क्षेत्र में तैनात होने वाले इंजीनियरों की अंधी कमाई होती है। कल एक बार फिर नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा में विभिन्न झोन में कार्यरत सहायक कर्मचारियों के झोन में फेरबदल किया गया है। विभिन्न झोन में कार्यरत सहायकों के झोन की अदला-बदली कर दी गई है। इस बार किए गए परिवर्तन की खास बात यह है कि पुराने सभी सहायकों को ही इसमें स्थान दिया गया है। किसी को ना ही हटाया गया है और ना ही कोई नया कर्मचारी इसमें शामिल किया गया है। लगातार मिल रही शिकायतों के चलते यह फेर बदल किया गया है। बताया जाता है कि इस बार फेर बदल में कई सहायकों की मुराद पूरी हो गई है। वह जिस मलाईदार झोन में जाना चाहते थे उन्हें वहीं भेज दिया गया है।

**एक बार फिर कई सहायकों को कमाई वाला मनचाहा झोन मिल गया**

बताया जाता है कि तत्कालीन नगर निगम आयुक्त मनीष सिंह ने अपने कार्यकाल में भवन अनुज्ञा शाखा में दरोगा सिस्टम को समाप्त कर दिया था। कारण था कि उन्हें बड़ी संख्या में दरोगाओं द्वारा वसूली करने की शिकायतें मिल रहीं थी। दरोगा तो बीओ, बीआई की वसूली का माध्यम बन गए थे। लेकिन बाद में फिर से सहायक के रूप में हर झोन में दरोगा नियुक्त कर दिए गए। इसके पीछे तर्क दिया गया है कि अवैध निर्माण होने पर नोटिस देने के लिए इन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इस नोटिस के माध्यम से ही वसूली का काम किया जाता है। जितने लोगों को नोटिस दिए जाते हैं उतने लोगों पर कार्रवाई नहीं होती है। नोटिस देने के बाद सौदा करते हुए अवैध निर्माण को बचाने का काम किया जाता है। वास्तविक रूप में ज्यादातर सहायक कर्मचारी फिर वसूली में लग गए हैं। इस बार हुए फेर बदल के पूर्व सभी बीओ, बीआई से उनकी पसंद के सहायक के नाम मांगे गए थे। सबने अपनी पसंद के सहायक के नाम दिए थे। इस सूची में कुछ ऐसे सहायक भी शामिल हैं जिन्हें शिकायतों के चलते पहले जिस झोन से हटाया गया था उन्हें इस बार फिर से उसी झोन में भेजा गया है। कल शाम को जारी किए गए फेर बदल के इस आदेश से निगम की इस शाखा में एक बार फिर वसूली का गोरख धंधा शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है।



### सड़क पर नजर आए गजराज....

## टोका तो महावत बोला- अस्पताल भी नहीं ले जाएं क्या?

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रणजीत हनुमान रोड से गुजर रहे हाथी का सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि हाथी जहां से गुजर रहा था इस पर कुछ लोगों ने महावत को टोका कि प्रतिबंध लगा हुआ है, इस पर जवाब मिला कि अस्पताल लेकर भी नहीं जाएं क्या?**

बीते माह राजनगर में एक हाथी ने गुड़ खिलाने गए युवक को अपनी चपेट में ले लिया था जिसके कारण युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद से जिला प्रशासन ने सतर्कता के तौर पर हाथी को शहर में प्रतिबंधित किया। इसके बाद कल रणजीत हनुमान मंदिर से एमओजी लाइन तक हाथी रामू नजर आया तो लोगों ने महावत से प्रश्न किए, महावत ने कहा कि इसे अस्पताल लेकर जा रहे है। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महावत लोगों से दान लेते हुए चल रहा था। एमओजी लाइन स्थित पशु चिकित्सालय के बाहर भी लोगों ने हाथी से आशीर्वाद लिया। कुछ लोग हाथी के पास जाने से सहमे हुए नजर आ रहे थे तो कुछ लोगों ने बेखौफ हाथी से आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि शहर में एक ही हाथी बीते कई सालों से नजर आता है। पश्चिम क्षेत्र में रामू नामक हाथी कई बार घूमते हुए नजर आता है। हालांकि प्रतिबंध के बाद कल पहली बाहर रामू नजर आया तो सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया।

## क्लाथ मार्केट में बैठक आज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

श्रीमंत तुकोजीराव महाराजा क्लाथ मार्केट मर्चेन्ट एसोसिएशन की असाधारण सभा आज दोपहर 3 बजे होगी। बैठक में कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी चुनाव की पुष्टि चुनाव समिति द्वारा की जाएगी। इसके अलावा वैष्णव सहायक ट्रस्ट के किरायेदार भी अपने किरायेदारी मामले को लेकर पदाधिकारियों से बैठक में चर्चा करेंगे। इधर इन्दौर टेक्सटाइल फेयर की तैयारियां भी शुरू हो गई है। 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पांच दिवसीय फेयर का आयोजन कपड़ा मार्केट परिसर में होगा।

# सड़क में बाधक तीन मकान तोड़े गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा सड़क के निर्माण में बाधक तीन मकान तोड़ने के कार्रवाई आज की गई।**

निगम की रिमूवल गैंग के अधिकारियों ने बताया कि पुलिस बल को साथ में लेकर निगम के द्वारा आज तीन मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई है। यह मकान खड़ा गणपति मंदिर से टिगरिया बादशाह तक निगम के द्वारा बनाए गए सड़क में बाधक बने हुए थे। इस क्षेत्र में निगम के द्वारा पूरी सड़क का निर्माण कर लिया गया है। बीच में आने वाले एक चौराहे पर यह मकान बाधक बने हुए थे। मकान मालिकों के नाम पर नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद भी इन मकान मालिकों के द्वारा अपने मकान नहीं हटाए गए। इस स्थिति के चलते हुए आज नगर निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 5 के भवन अधिकारी आशीष राठौर के द्वारा इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई को किए जाने के बाद अब इस सड़क में कहीं कोई बाधा नहीं है। सड़क का अधिकांश हिस्सा बनकर तैयार हो गया है। आज इन मकान को तोड़ दिया गया है। अब इस सड़क पर आने वाले इस प्रमुख चौराहे के विकास के कार्य को भी अंजाम दिया जाएगा और सड़क का बचा हुआ निर्माण भी पूरा किया जाएगा। निगम की इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग भी जमा हो गए थे। यह लोग कार्रवाई देखने के लिए जमा हुए थे।





## फिर एक खतरनाक मकान तोड़ा

इंदौर नगर निगम के रिमूवल रास्ते के द्वारा न्यू अहिल्या कॉलोनी में आज एक खतरनाक मकान को तोड़ा गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह मकान पूर्ण होने के साथ-साथ इसमें अवैध निर्माण भी था। इन दोनों कर्म के चलते हुए इस मकान को आज कार्रवाई की जद में लिया गया। मकान के एक हिस्से को तोड़ दिया गया है।

# विश्राम बाग का स्विमिंग पूल ठेके पर देगा निगम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। नगर निगम के द्वारा रणजीत हनुमान मंदिर के आगे स्थित विश्राम बाग में बनाए गए स्विमिंग पूल को ठेके पर दिया जाएगा। इस बारे में निगम के अधिकारियों के द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव पर कल होने वाली महापौर परिषद की बैठक में फैसला लिया जाएगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा महापौर परिषद की बैठक कल गुरुवार को सुबह 11:00 बजे नगर निगम के मुख्यालय में स्थित महापौर बैठक कक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में 35 प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। इसके लिए एजेंडा कल शाम को जारी कर दिया गया है। इसमें सबसे पहला प्रस्ताव रणजीत हनुमान मार्ग पर स्थित विश्राम बाग परिसर में बनाए जा रहे स्विमिंग पूल का निर्माण हो जाने के पश्चात उसे प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के मोड पर संचालन संधारण के लिए देने का रखा गया है। इस प्रस्ताव पर नगर निगम की लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग की समिति के द्वारा भी अपनी सहमति दे दी गई है।

## महापौर परिषद की कल होने वाली बैठक में लिया जाएगा फैसला

ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा पिछले कई सालों से विश्राम बाग की जमीन पर इस स्विमिंग पूल का निर्माण ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है। इसके साथ ही इस जमीन पर विकास करते हुए इसे एक अच्छे बगीचे के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी जमीन पर नगर निगम के द्वारा आयरन स्क्रैप के माध्यम से अयोध्या के भगवान राम मंदिर की प्रतिकृति भी बनाई गई थी। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस स्विमिंग पूल को ठेके पर लेने वाले ठेकेदार से इस पुल का संचालन कराया जाएगा। स्विमिंग पूल में तैराकी करने के लिए आने वाले लोगों से शुल्क वसूलने का कार्य इस ठेकेदार के द्वारा ही किया जाएगा।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि ठेकेदार को नगर निगम के द्वारा खेल गतिविधियों से जुड़ी सामग्री के लिए कियोस्क लगाने की अनुमति भी दी जाएगी। यह अनुमति इसलिए दी जा रही है ताकि ठेकेदार के द्वारा ठेके में जो राशि दी जाएगी वह उस राशि की प्रतिपूर्ति कर सकें। ध्यान रहे कि इस क्षेत्र में महूनाका चौराहा पर इंदौर नगर निगम का सबसे बड़ा और पुराना स्विमिंग पूल पहले से ही मौजूद है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में युवाओं में तैराकी का शौक जग जाने के कारण नए स्विमिंग पूल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

## सामुदायिक भवन के संचालन के लिए बनेगी कमेटी

इस बैठक में इंदौर नगर निगम के सामुदायिक भवन कम्युनिटी हॉल का संचालन संधारण करने और उन्हें किराए पर देने के लिए एक मानक परिचालन प्रक्रिया को भी मंजूरी के लिए रखा गया है। निगम के अधिकारियों के द्वारा तैयार की गई इस प्रक्रिया के अनुसार नगर निगम के पूरे शहर में जितने भी कम्युनिटी हाल और सामुदायिक भवन है। उनका किराया निश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें किराए पर देने और उनका संधारण करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। इस कमेटी में उसे क्षेत्र के नगर निगम के जोनल कार्यालय का अधिकारी और क्षेत्र का पार्षद शामिल होगा।

## कई स्थानों पर विज्ञापन लगाने का प्रस्ताव

निगम के द्वारा महापौर परिषद की इस बैठक में शहर में कई स्थानों पर विज्ञापन लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए रखा गया है। इसके अंतर्गत शहर में 70 नई जेंट्री बनाई जाएगी। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहों के यात्रा सिग्नल पर विज्ञापन लगाया जाएगा। नगर निगम के द्वारा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बिजली के खम्बो पर भी विज्ञापन किया जाएगा।



## गाय को दी अंतिम विदाई

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तुलसी नगर स्थित गौ उद्यान में गौसेवक अमोल पाटिल ने लगभग 10 वर्षों से सेवा कर रही गौ माता 'निर्जला' का वैदिक रीति से अंतिम संस्कार किया। उल्लेखनीय है कि 10 वर्ष पूर्व यह गाय दुर्घटना में घायल मिली थी। संयोगवश जिस दिन उसे लाया गया था उसी दिन उसका निधन हुआ। निगम और राकेश जायसवाल की मदद से 10 फीट गहरा गड्ढा करवाकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अंतिम संस्कार विधि विधान से किया। पाटिल ने अंतिम संस्कार के पहले बाल भी कटवाए।



## कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर धार रोड़ पर स्थित श्रीकृष्ण कॉलोनी संघ द्वारा ओमकारेश्वर से बाबा महाकाल तक कांवड़ यात्रा का दूसरा पड़ाव धार रोड़ पर बालकृष्ण बाग पहुंचा जहां रात्रि विश्राम और भजन संध्या का आयोजन और सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। बाबूलाल अग्रवाल, देवेंद्र प्रजापत, केडी शर्मा, मंगल गोयल, टिंकेश अग्रवाल, हनुमान बम, वीरू रावत, संतोष गुप्ता, आनंद मंगल, प्रथम जोशी, कपिल बंसल मौजूद थे।

## गोयल और रघुवंशी को जिम्मेदारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मालवा प्रान्त विश्व हिन्दू परिषद की प्रांतीय बैठक में इंदौर के दीपेश गोयल को विहिप इंदौर विभाग का सहमंत्री एवं लक्की रघुवंशी को बजरंग दल इंदौर विभाग का सह संयोजक नियुक्त किया गया। मां परामबा गोभक्त मंडल के प्रमुख एवं बजरंग दल-विहिप इंदौर विभाग गो रक्षा प्रमुख योगेश होलानी ने बताया कि दोनों पदाधिकारियों का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण इंदौर महानगर एवं इंदौर लोकसभा का ग्रामीण क्षेत्र रहेगा।









## शिव मंदिर में भजन संध्या

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री गुलरेश्वर महादेव मंदिर एम.टी.एच कंपाउंड में श्रीधर झरकर की भजन संध्या का आयोजन हुआ। फरियाली खिचड़ी का वितरण, महाआरती भी की गई।**

## पिपलेश्वर महादेव की पालकी यात्रा निकलेगी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तीसरे सोमवार 17 अगस्त को कालानी नगर के पिपलेश्वर महादेव की शाही पालकी यात्रा महाराणा प्रताप उद्यान से शाम 5 नगर भ्रमण पर निकलेगी विभिन्न मार्गो से होती हुई पालकी यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। रास्ते में जगह-जगह स्वागत होगा। आयोजन से नरेंद्र कुशवाहा, बबलू, दीपेंद्र गहलोत, गोविंद परमार, अतुल चौहान, दिनेश सोनी, शिव दुबे, दिनेश आचार्य जुड़े हुए है।

## सावन माह में खिचड़ी प्रसाद वितरण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मांगलिया रोड स्थित इंडियन ऑयल डिपो पर देवेंद्र पंवार ने दो क्विंटल फरियादी खिचड़ी का वितरण किया। आयोजन में संजू, चौहान, दिनेश मालवीय, शेखर बड़गुर्जर, राहुल मेहरा, कमलेश कुशवाह, जयसिंह ठाकुर, कान्हा परमार, सचिन मिंडी, मुकेश राठौर, संतोष परिहार, अर्जुन बड़गुजर मौजूद थे।



## खाटू समिति का मिलन और सम्मान आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खाटू सामाजिक कल्याण सेवा समिति, के तत्वावधान में 'स्नेह मिलन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। खाटू श्यामधाम से जुडे मोहनदास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। नरेश बेरीवाला, प्रदीप परतानी, प्रकाश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।**

## भूतेश्वर बाबा को 13 लाख बिल्व पत्र समर्पित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पंचकुइया स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर सावन के पहले दिन से चल रहे सर्व मनोकामना सिद्धिप्रद अहर्निश लक्ष्य बिल्वार्चन चिंतामणि महाप्रयोग में रोजाना 1 लाख बिल्व पत्र अर्पण किए जा रहे है। अभी तक 13 लाख बिल्व पत्र भगवान भोलेनाथ को समर्पित किए जा चुके है। अष्ट प्रहर चल रही इस अनूठी पूजा के आयोजन में बाहर से भी श्रद्धालु शामिल हो रहे है। हरीशानंद तिवारी एवं पं. यतीन्द्र तिवारी ने उक्त जानकारी दी।



## पालकी यात्रा निकलेगी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री वेंकटेश्वर महादेव की पालकी यात्रा 24 अगस्त को शाम 4 बजे जयकारों के साथ निकाली जाएगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।



## सांवरिया मित्र मंडल की पदयात्रा जारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री सांवरिया मित्र मंडल पदयात्री संघ द्वारा धार्मिक पदयात्रा लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में जारी है। धनराज कुमावत, कमलेश शर्मा, मोहित गुप्ता, रामचंद्र कुमावत, फूल कुमावत, प्रकाश जाट, देवीलाल कुमावत मौजूद थे।

## सावन माह में शुरू होगी भागवत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री परमानंद साहिब के 45वें पुण्यतिथि महोत्सव के अंतर्गत सावन के पावन माह में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह का आयोजन पागनीसपागा परमानंद भंडार में 15 अगस्त से रोजाना शाम 4 से 7 बजे तक गौरव तिवारी राव के श्रीमुख से किया जाएगा। प्रकाश तलरेजा, मुकेश वाधवानी ने बताया कि कथा के पूर्व 15 अगस्त दोपहर 2 बजे कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। समापन 21 अगस्त को होगा, भंडारा भी किया जाएगा।

## महाराष्ट्र बैंक की नई शाखा शुरू

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कनाड़िया रोड शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन किया गया। ग्राहकों को उत्कृष्ट और श्रेष्ठतम बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान करने की बात भी कही गई। इस अवसर पर अतिथि सुरेशसिंह भदौरिया के साथ अंचल उपमहाप्रबंधक संजीव कुमार, शाखा प्रबंधक पंकज गुप्ता, ग्राहक रूपेश व्यास, मनीष अग्रवाल, श्री स्वामी, श्री जोशी, माया, उर्ध्वेर्षी सहित अन्य मौजूद थे। अधिकारी और अतिथि के उद्बोधन भी हुए। बैंक के कार्य को लेकर ग्राहकों ने संतोष भी जाहिर किया और कहा कि पहले से चल रही शाखाओं में बैंक का कार्य संतोषजनक है। संचालन शुभम चतुर्वेदी और आभार राकेश जैन विनायका ने किया।






## आज अमावस्या पर पौधारोपण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आरोग्य भारती द्वारिका जिला इंदौर महानगर के अध्यक्ष डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि हरियाली अमावस्या पर आज स्कीम नं. 155 बगीचा में पौधारोपण किया गया। राजाराम तिवारी, शिवकुमार तिवारी, गोकर्ण प्रसाद चतुर्वेदी, मुनींद्र पाठक, इंद्रिका तिवारी, संतोष पटेल, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र, सुनील तिवारी, राजेंद्र परिहार, एसपी पाण्डेय, मनोज डांगे, उपस्थित थे।





# सर्वोदय स्कूल में हरियाली उत्सव मनाया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल की प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि आज सावन मास के अन्तर्गत हरियाली उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थी आज हरी वेशभूषा में स्कूल उत्सव मनाने पहुंचे। छोटे विद्यार्थियों को हरी सब्जियों का जीवन में क्या लाभ है यह बताया। बड़े विद्यार्थियों ने अपने आपको हरियाली के अन्तर्गत अपने वस्त्रों की सजावट पत्तियों से की और हरियाली का संदेश दिया। लिव्स आर्ट्स की कलाकारी की जिसे पत्तियों से बनाया गया था।



## 60 माहेश्वरी सखियों ने आउंटिंग का लिया लुत्फ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला एवं सखी संगठन ने 60 सखियों के लिए जामगेट, चोरल डेम और वॉचिंग पॉइंट का आउंटिंग का आयोजन किया। माधुरी सोमानी ने बताया कि नीता सोमानी, ललिता काबरा, अंजू राठी, सिल्वी, अनमोल, पलक लाहोटी का योगदान रहा।




## कुनबी समाज ने किया प्रतिभा सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज युवा संगठन में समाज भवन में मेधावी छात्रों के सम्मान का आयोजन किया। करियर को लेकर मार्गदर्शन भी दिया। डॉ. ग्रीष्मा त्रिवेदी, बजेन्द्रसिंह धाकड़, अनिल गोह, राधा यादव, बाली खाकरे, अंकित त्रिवेदी, बलराम झरबड़े, मीनाक्षी झरबड़े, सुनील गीते, रवि मालवीय, मनोज साबले, संजय पांसे, संदीप कोसे, जितेन्द्र दवण्डे, मनीष भोपते, आकाश देशमुख, कैलाश गव्हाड़े, कमलेश मानकर, रोहित दवण्डे, गुलाब देशमुख, रोशन देशमुख, अरविन्द अड़लक, निमेष साकरे, आदित्य खासदेव, नयन पाटनकर ने अपनी भूमिका निभाई।

# माहेश्वरी समाजजनों ने की नृसिंहगढ़ यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज संयोगितागंज ने दो दिवसीय नृसिंहगढ़ यात्रा का आयोजन समाजजनों के लिए किया। समाजजनों ने नृसिंहगढ़ में शंका श्याम मंदिर, कोटरा माता, हनुमान गढ़ी, जल मंदिर एवं बड़ा महादेव के दर्शन किए। चिड़ीखो पॉइंट पर हरियाली से घिरी पहाड़ियों और विशाल जलाशय का मनोहारी दृश्य तथा रिमझिम बारिश ने आनंदित कर दिया। कार्यक्रम में संजय चंडक, सौरभ राठी, अश्विन लखोटिया, पंकज-राखी काबरा, गोविंद-रेखा गिलड़ा, कैलाश-किरण लखोटिया, अशोक-बिंदु हेड़ा, देवेंद्र-अंजू मूंदड़ा, सुमित तापड़िया, रामजस जेथलिया, दीपक भूतड़ा, प्रवीण लद्धड़, विजय मोदानी अर्चना भूतड़ा, आदित्य नवाल, विकास असावा, अनुज हेड़ा की भूमिका आयोजन में प्रमुख रही।



# माहेश्वरी महिलाओं ने लगाया सावन फुहार मेला



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरीश्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी महिला मंडल ने सावन फुहार मेला का आयोजन दस्तूर गार्डन में किया। स्टॉल, फूड झोन, तम्बोला के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लकी ड्रा, पार्थिव शिवलिंग निर्माण के आयोजन हुए। अतिथि शारदा प्रकाश अजमेरा, घनश्याम आशा झंवर, चंदा ओमप्रकाश तापड़िया, साधना आरके सोडानी, इन्दिरा ओमप्रकाश मुछाल थे। आयोजन से पूनम मालपानी, अर्चना माहेश्वरी, सीमा माहेश्वरी सहित अन्य मातृशक्तियां जुड़ी हुई थी।



## जैन ने किया 44वीं बार रक्तदान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लेखक एवं मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन ने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 44वीं बार रक्तदान किया।

## पत्रकार विजय जोशी सम्मानित

देपालपुर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बड़ेगांव देपालपुर में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन द्वारा पेंशनर सम्मेलन और पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों पर चर्चा की गई। इस दौरान समाज में बेहतर काम करने वाले देपालपुर के मीडियाकर्मियों का सम्मान किया गया, जिसमें पत्रकार विजय जोशी को भी सम्मानित किया गया। अतिथि राजेश जोशी, विमल फौजी, सूरजसिंह बोडाना थे।



# महिलाओं की स्वतंत्रता और स्वच्छंदता पर हुआ विचार विमर्श



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक में 'महिलाओं के संदर्भ में स्वतंत्रता या स्वच्छंदता' एवं देशभक्ति गीत विषय पर सार्थक विचार विमर्श हुआ। कई मुद्दों पर चर्चा की गई। आशा मुंशी, संगीता चौहान, करुणा प्रजापति, माधुरी निगम, रश्मि तिवारी, संतोषी यदुवंशी, महिमा शुक्ला, मृदुला शर्मा की मौजूदगी में काव्य पाठ कविता चौहान, डॉ. वंदना मिश्रा, कविता मेहता, गायत्री शर्मा, डॉ. इंदु जैन, सुरभि शुक्ला, जयश्री शर्मा एवं आरती तिवारी ने प्रस्तुत किए।

# विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा साइकल यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वतंत्रता दिवस समीप है और विद्यार्थियों में इस आजादी को लेकर जागरूकता और जानकारी रहे इसके लिए आज वैष्णव अकेडमी स्कूल ने राजमोहल्ला परिसर से तिरंगा साइकल रैली राजवाड़ा तक निकाली। माँ अहिल्या के परिसर में विद्यार्थियों ने तिरंगे झंडे लहराए। अध्यापक भी मौजूद रहे।






## अग्रवाल का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री अग्रसेन क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्टार फेन क्लब के हेमन्त अग्रवाल को श्री अग्रसेन अलंकरण अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। राधादेवी मित्तल, कमल किशोर गर्ग, राजेन्द्र गोयल समाधान, उमेश अग्रवाल, मीना अग्रवाल, गजेंद्र अग्रवाल, आशीष मित्तल, विशाल अग्रवाल मौजूद थे।



## शासकीय कर्मचारियों की तिरंगा यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत शासकीय कर्मचारी संस्था के बैनर तले रैली का आयोजन कलेक्टर कार्यालय से महूनाका तक किया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा, अधिकारी हिमांशु प्रजापति ने रैली को रवाना किया, जयकारे भी लगे। हरीश बोयत, पवन शर्मा, प्रवीण यादव, कमलेश सिंह, संदीप धौलपुरे, अशोक मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

# जैन संत का स्वतंत्रता दिवस पर राजबाडा पर प्रवचन

## जैन कालोनी से होगा विहार, जैन समाजजन तिरंगा और पचरंगी झंडा लेकर चलेंगे, ध्वजारोहण भी होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आचार्य 108 सुनील सागर म.सा. और संघ का चातुर्मास प्रवचन आरटीओ रोड गार्डन पर किया जा रहा है। वहां जैन समाजजनों ने श्रीफल भेंट कर संत से 15 अगस्त के दिन राजबाडा पर झंडावंदन और विशेष प्रवचन के साथ राष्ट्र के नाम संदेश का आग्राह किया, जिसे संत सुनील सागर म.सा. ने स्वीकार किया। आचार्य और संघ का 15 अगस्त को जैन कालोनी से विहार होगा। संत के दोनों तरफ जैन समाजजन और रत्नत्रय ग्रुप के साथी 100 से अधिक तिरंगा और पचरंगी झंडा लेकर चलेंगे जिसमें मातृशक्तियां भी शामिल होंगी। इस विहार के दौरान बैण्ड पर देशभक्ति गीत गूंजेंगे। राजबाडा पर आचार्य के पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट की क्रिया भी होगी। पूर्व पार्षद पवन जैन, जैनेश झांझरी, इंद्रकुमार सेठी, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, वीरेन्द्र बड़जात्या, सुनील गोधा, नीलेश सेठी, दीपक पाटनी, मनमोहन झांझरी, आयुषी बाकलीवाल, देवेन्द्र सोगानी, कैलाश वेद, ऋषभ पाटनी, प्रवीण पाटनी, पिंकेश टोंग्या, जैनेश झाँझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या,राजकुमार घाटे, प्रदीप बड़जात्या,कैलाश लुहाड़िया, मनोज-अनामिका बाकलीवाल, आयुषी बाकलीवाल, संदीप पहाड़िया, देवेन्द्र सेठी,प्रमोद पापड़ीवाल, पवन पाटोदी,धीरज पहाड़िया, जितेन्द्र जैन, नीरज गंगवाल, रत्नत्रय ग्रुप, नितिन पाटोदी, जिनेन्द्र सेठी, दिलीप पाटनी, अजय जैन सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन से कई जैन संगठन जुड़े है।

## स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' का आज सुबह पाद-पूजन

### पुण्यतिथि पर पहुंचे श्रद्धालु, शाम को पितृ पर्वत पर पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बिजासन रोड स्थित विद्याधाम मंदिर के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन'का आज पुण्य स्मरण दिवस मनाया जा रहा है। स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में आश्रम पर अभिषेक, आरती, कन्या पूजन, संत एवं ब्राह्मण पूजन के आयोजन चल रहे हैं। बडी संख्या में अनुयायी और श्रद्धालु मौजूद है। आज पाद-पूजन, अभिषेक-आरती के आयोजन किए जा रहे है वहीं शाम को पितृ पर्वत पर पौधारोपण का आयोजन होगा।

## साध्वी ने आयम्बिल का महत्व समझाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर साध्वी डॉ. श्री कुमुदलता म.सा. के चातुर्मास प्रवचन चल रहे है। बडी संख्या में श्वेताम्बर जैन समाजजन धर्मसभा में धार्मिक लाभ लेने पहुंच रहे है। साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. ने कहा कि आयंबिल तप, आत्मसंयम और कर्मनिर्जरा का माध्यम है। आयम्बिल के साथ ही संत समागम और जीवन के लक्ष्य पर प्रेरणादायी संदेश दिए गए। आयम्बिल का महत्व भी समझाया।



15 दिनों की तप अराधना करने वाली सुनन्दा वीरेन्द्र बोडाना का श्रावक संघ,श्राविका संघ युवक संघ की ओर से बहुमान किया गया। रमेश भंडारी, प्रकाश भटेवरा, राजकुमार पंजाबी, हेमन्त बोहरा, गजेंद्र बोड़ाना, अभय झेलावत, नरेन्द्र मेहता, अतुल झामड, अशोक मंडलिक सहित अन्य मौजूद थे।



## रॉयल कपल क्लब के दोस्तों का मिलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रॉयल कपल क्लब की ओर से 30 साल पुराने पारिवारिक दोस्तों के कपल ग्रुप ने आयोजन कर हंसी-मजाक, डांस और मस्ती से पूरा माहौल खुशियों से भर दिया। कमलेश, आदर्श, मनोज, सुनीता, पंकज, नीलम, संजय सविता, विनोद, सुनीता, धीरज और बरखा का योगदान रहा।

## रोटरी क्लब में सदस्यता विस्तार संकल्प



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर अपटाउन द्वारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर,सदस्यता विस्तार का संकल्प लिया। आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुनाव की घोषणा की। तीन या उससे अधिक नए सदस्यों को जोड़ने वाले क्लबों को सम्मानित किया गया। अलग-अलग क्लब के 350 रोटेरियन्स ने भाग लिया। विनित सहाय, डॉ. आराधना सहाय, सुनील माहेश्वरी, अतुल गार्गव, तरुण मिश्रा, संस्कार कोठारी, संजीव गुप्ता, मोहन पलासे, दुष्यंत चौधरी, राहुल श्रीवास्तव, दीप्ति कोठारी, मनोज चांडक, नितिन डफरिया, अशोक तांतेड, के.पी. नागेश सहित अन्य मौजूद थे।



## लायंस का रुद्राभिषेक महाआरती आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लायंस क्लब ऑफ इंदौर गैलेक्सी द्वारा दिव्य शक्ति पीठ में रुद्राभिषेक, महाआरती का आयोजन किया गया। स्वप्न खंडेलवाल, गिरीश खंडेलवाल, हेमंत ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## गुणानुवाद सभा का आयोजन

**इंदौर।** विजय वीररत्नसूरीश्वर म.सा. का गुणानुवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आचार्य देव महाराजा की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर संखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर उपाश्रय तिलक नगर के आयोजन में बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे।

## साधारण सभा में उठेंगे मुद्दे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक की 21 अगस्त को होने वाली साधारण सभा में किसानों से जुड़े मुद्दे उठाने की बात भारतीय किसान मजदूर सेना के अध्यक्ष किसान नेता बबलू जाधव ने बताई। जाधव ने कहा कि 2017-18 एवं 2018-19 के 628 किसानों के लंबित फसल बीमा भुगतान के मुद्दे पर जवाब देने की मांग की है। 7 वर्षों से किसानों का भुगतान नहीं हुआ है। इस मामले में सदस्य किसानों से सम्पर्क किया जा रहा है कि वे साधारण सभा में आए।

## लोधा लोवंशी क्षत्रिय समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लोधा लोवंशी क्षत्रिय समाज जिला समिति के तत्वावधान मे समाज के बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों का सम्मान प्रीतमलाल दुआ सभागृह में किया गया। विजय सोहनी, हरि अग्रवाल, मोहित मंडलोई, सत्यनारायण लोवंशी, सुनील लोवंशी, जितेन्द्र लोवंशी अतिथि थे। रामकिशर लोवंशी, अशोक गोयल, रामगोपाल लोवंशी, कमल लोवंशी, जगदीश लोवंशी मौजूद थे।






## शहनाई वादन की प्रस्तुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट आईपीएस अकादमी में राजमल पोरवाल लेक्चर सीरीज़ के अंतर्गत प्रसिद्ध शहनाई वादक गजानन वारुडे की वादन प्रस्तुति हुई। प्रस्तुति में राग आहिर भैरव प्रस्तुत किया गया जिसमें विलंबित एकताल में निबद्ध रचना का मंचन किया। तत्पश्चात मध्य लय में छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। तत्पश्चात राग वृंदावनी सारंग में छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। अंत में राग पहाड़ी में धुन प्रस्तुत की, तत्पश्चात छात्रों को शहनाई जैसे दुर्लभ वाद्य के बारे में जानकारी दी। तबले पर संगत सारंग लासुरकर ने की, आभार प्रदर्शन स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के कपिल पौराणिक ने किया।

## देवगुराड़िया हिल्स पर 101 पौधों का रोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बहाई समुदाय के सदस्यों ने देवगुराड़िया हिल्स में 101 पौधों का रोपण किया।



# मूसाखेड़ी ब्रिज निर्माण कार्य में चौराहे पर बाधक महात्मा फुले की प्रतिमा हटने के बाद अब दिखने लगी तेजी

**इंदौर।** मूसाखेड़ी फ्लाईओवर निर्माण कार्य में चौराहे के बीच लगी महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा हटने के बाद अब फ्लाई ओवर निर्माण कार्य में पहले से दुगनी तेजी दिखने लगी है। दरअसल मूसाखेड़ी रिंग रोड़ चौराहे पर बीच के हिस्से में लगी महात्मा ज्योति बा फुले की प्रतिमा को निगम ने सर्विस रोड़ के पास खाली जगह में शिफ्ट कर दिया है। वहीं अब प्रतिमा स्थल के दोनों तरफ तीन-तीन कालम वाले बीच के फाइनल स्ट्रक्चर का काम तेजी के साथ चल रहा है।



कहा जा रहा है अगले माह शेष बची गार्डर लॉन्चिंग का कार्य भी जल्द शुरू होगा। जिसको लेकर अब एमपीआरडीसी निर्माण एजेंसी द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है। इसके अलावा एक तरफ की सर्विस रोड निर्माण कार्य भी वर्तमान में तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा अब दूसरे मेडिस्टा हॉस्पिटल वाली साइड भी सर्विस रोड़ का काम जल्द शुरू करने की तैयारी चल रही है, जबकि आईडीए पानी की टंकी वाली साइड सर्विस रोड का निर्माण तेजी के साथ हो रहा है।

बताया जा रहा है कि अब आने वाले दिनों में सर्विस रोड निर्माण की सबसे बड़ी बाधा नर्मदा लाइन शिफ्टिंग की तैयारी भी शुरू हो गई है। जिसके लिए निगम को पत्र भी लिखा गया है। इसके अलावा सर्विस रोड़ में बाधक आधा दर्जन धर्म स्थलों मंदिरों में बालाजी, शनिदेवजी, भेरूजी और भोले बाबा सहित अन्य छोटे-बड़े मंदिरों को सम्मान के साथ ब्रिज के नीचे तैयार हो रहे नवीन मंदिर में बेहद जल्द विधि - विधान के साथ जनप्रतिनिधियों और रहवासियों की आपसी सहमति के साथ शिफ्टिंग करने की भी तैयारी चल रही है। यही नहीं निर्माण एजेंसी द्वारा अपनी ओर से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और रहवासियों के साथ लगातार चर्चा भी की जारी है।

### ब्रिज बोगदे के नीचे हो रहा नए मंदिर का निर्माण

वर्तमान में ब्रिज के बोगदे के नीचे नए मंदिर का निर्माण कार्य भी तेजी के साथ चल रहा है। जिसमें अब टाइल्स लगाने सहित अन्य बचे काम भी जल्द शुरू होने वाले है, ताकि नर्मदा लाइन शिफ्टिंग और अन्य कार्य पूरे होने के बाद मंदिरों का भी विधि-विधान से जनसहयोग से प्राण प्रतिष्ठा की जाए। जिसको लेकर फिलहाल चर्चा जारी है। इधर बीच के हिस्से में पिछले दिनों महात्मा ज्योति बा फुले की प्रतिमा हटने के बाद से निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी द्वारा कार्य की गति तेज कर दी गई है। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना कि अब बीच के हिस्से का काम दुगनी तेज़ी के साथ होगा।

### ग्रामीण जिलाध्यक्ष के फरमान पर भड़के युवा नेता

# भाजपा में आंतरिक घमासान ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनाम युवा मोर्चा

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के आगामी दौरे से ठीक पहले धार जिले की राजनीति गरमा गई है, संगठन के भीतर लंबे समय से सुलग रही अंदरूनी कलह अब खुलकर सड़कों पर आ गई है। मामला ग्रामीण जिलाध्यक्ष द्वारा जारी एक हालिया फरमान से जुड़ा है, जिसने स्थानीय युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं के आक्रोश को भड़का दिया है। प्रदेश अध्यक्ष के आगामी दौरे से ठीक पहले संगठन की अंदरूनी गुटबाजी और कलह खुलकर सामने आ गई है।





ग्रामीण जिलाध्यक्ष द्वारा मनमाने ढंग से युवा नेताओं को स्वागत फ्लेक्स और होर्डिंग्स लगाने से रोकने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिलाध्यक्ष के इस तानाशाही रवैये से पार्टी के समर्पित युवा कार्यकर्ताओं में भारी मायूसी और आक्रोश का माहौल है। सूत्र बताते है की प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की तैयारियों में जुटे युवा नेताओं ने अपने स्तर पर फ्लेक्स तैयार करवाए थे, लेकिन ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने एक तुगलकी फरमान जारी कर साफ कह दिया कि सिर्फ वही फ्लेक्स लगाए जाएंगे जो उनके द्वारा स्वीकृत या तय किए गए हैं, अन्य किसी भी युवा नेता या कार्यकर्ता को अपने पोस्टर लगाने की अनुमति नहीं होगी। इस पाबंदी के बाद जमीन पर रात-दिन मेहनत करने वाले युवा नेताओं के उत्साह पर पानी फिर गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह पूरी कवायद वर्चस्व की जंग और गुटबाजी का नतीजा है। जिलाध्यक्ष को डर है कि कहीं युवा नेता अपने दम पर बड़ा शक्ति प्रदर्शन न कर दें, जिससे उनकी खुद की जमीन खिसक जाए। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि भाजयुमो के जिला मंत्री विश्वास की बढ़ती जमीनी पकड़ और युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता से स्थानीय शीर्ष नेतृत्व असहज महसूस कर रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युवा नेता के बढ़ते कद और सियासी ताकत को सीमित करने के उद्देश्य से ही ग्रामीण जिलाध्यक्ष द्वारा ऐसे असहज करने वाले निर्देश जारी किए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर भारी असंतोष है कि खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे ग्रामीण जिलाध्यक्ष संगठन को मजबूत करने के बजाय गुटबाजी को बढ़ावा दे रहा है,वही मोर्चा विवाद की सबसे बड़ी वजह आगामी प्रदेश अध्यक्ष के दौरे से जुड़ी तैयारियों को माना जा रहा है। गंधवानी में होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रम की पूरी कमान और जिम्मेदारियां स्थानीय कार्यकर्ताओं को देने के बजाय बाहर के व्यक्तियों को सौंप दी गई हैं। बाहरी क्षेत्र के नेताओं को गंधवानी में तरजीह दिए जाने के इस फैसले को स्थानीय भाजपाइयों ने अपनी उपेक्षा और अपमान से जोड़कर देखा है। स्थानीय युवा कार्यकर्ताओं का कहना है कि क्या गंधवानी का संगठन इतना अक्षम है कि पड़ोसी क्षेत्र से लोगों को बुलाकर जिम्मेदारियां बांटनी पड़ रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन से ठीक पहले इस तरह अंदरूनी कलह का उजागर होना पार्टी की साख पर सवाल खड़े कर रहा है। एक तरफ जहां शीर्ष नेतृत्व इस दौरे के जरिए आगामी चुनावी और सांगठनिक बिसात मजबूत करने की तैयारी में है, वहीं जमीनी स्तर पर फैली यह रार कार्यक्रम के रंग में भंग डाल सकती है। अब देखना यह होगा कि इस गुटबाजी को शांत करने के लिए जिला और प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता क्या कदम उठाते हैं, या फिर प्रदेश अध्यक्ष के सामने ही यह अंतर्विरोध फूटकर सामने आएगा।

**अंदरूनी कलह से हिली ग्रामीण भाजपा,विश्वास की सियासी ताकत से बेचैन हुए ग्रामीण जिलाध्यक्ष**

### फायर सेफ्टी नहीं तो खतरा!

# 150 भवनों पर निगम की नजर, एक माह बाद होगी सीलिंग की कार्रवाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर में आगजनी की घटनाओं को रोकने और भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए इंदौर नगर निगम ने अब सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बार-बार नोटिस देने के बावजूद फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं लगाने वाले करीब 150 भवनों को निगम ने चिन्हित किया है। इन भवनों को अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से असुरक्षित घोषित करते हुए लोगों को सावधान करने के लिए चेतावनी वाले पोस्टर लगाए जा रहे हैं। अभी तक 19 इमारतों पर पोस्टर चस्पा किए जा चुके हैं।

नगर निगम मुख्यालय के भवन अधिकारी सत्येंद्र राजपूत के मुताबिक, इन भवन मालिकों को पहले भी कई बार अग्नि सुरक्षा इंतजाम करने के लिए नोटिस दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद व्यवस्थाएं नहीं की गईं। अब निगम ने भवनों पर पोस्टर लगाकर वहां आने-जाने वाले लोगों को भी संभावित खतरे की जानकारी देना शुरू किया है। पोस्टर में स्पष्ट किया जा रहा है कि संबंधित भवन में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं और यहां आग लगने की स्थिति में जान-माल का खतरा हो सकता है।

### एक माह में सुधार नहीं तो सीलिंग

निगम अधिकारियों के अनुसार, पोस्टर लगाने के बाद भवन मालिकों को एक महीने का समय दिया जा रहा है। इस अवधि में उन्हें जरूरी फायर सेफ्टी सिस्टम लगाकर उसकी व्यवस्था दुरुस्त करनी होगी। निर्धारित समय में सुधार नहीं करने वाले भवनों के खिलाफ इसके बाद सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। निगम अधिकारियों के अनुसार, पोस्टर लगाने के बाद भवन मालिकों को एक महीने का समय दिया जा रहा है। इस अवधि में उन्हें अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी सिस्टम जैसे फायर अलार्म, स्प्रिंकलर, अग्निशमन यंत्र और आपातकालीन निकास व्यवस्था दुरुस्त करनी होगी। निर्धारित समय में सुधार नहीं करने वाले भवनों के खिलाफ इसके बाद सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी और भवन को उपयोग के लिए बंद कर दिया जाएगा।

### जांच में सामने आईं गंभीर कमियां

निगम द्वारा शहर में बहुमंजिला और व्यावसायिक भवनों की फायर सेफ्टी जांच लगातार की जा रही है। जांच के दौरान कई भवनों में अग्निशमन उपकरण नहीं मिले, जबकि कुछ जगह उपकरण लगे होने के बावजूद काम नहीं कर रहे थे। निगम का फोकस ऐसे भवनों पर है, जहां बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है। निगम द्वारा शहर में बहुमंजिला और व्यावसायिक भवनों की फायर सेफ्टी जांच लगातार की जा रही है। जांच के दौरान कई भवनों में अग्निशमन उपकरण पूरी तरह अनुपस्थित मिले, जबकि कुछ जगह उपकरण लगे होने के बावजूद वे खराब या निष्क्रिय पाए गए। कई भवनों में इमरजेंसी एग्जिट ब्लॉक मिले और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया। निगम का फोकस ऐसे भवनों पर है, जहां बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है, जैसे मॉल, ऑफिस कॉम्प्लेक्स और हॉस्पिटल।

### निगम की चेतावनी

*150 - असुरक्षित भवन चिन्हित*
*19 - भवनों पर चेतावनी पोस्टर लगाए*
*1 माह - सुधार के लिए दिया गया समय*

### इसके बाद नियम नहीं मानने पर सीलिंग

निगम ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल चेतावनी नहीं बल्कि सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सख्त कदम है। यदि भवन मालिक समय रहते सुधार नहीं करते हैं तो किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी उनकी होगी।

# पीने के पानी की बिछेगी नई लाइन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विजयश्री नगर शिव मंदिर के रहवासियों की सालों पुरानी पीने के पानी की समस्या का अब जाकर समाधान होने जा रहा है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा यहां बेहद जल्द नई एचडीपीआई पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को जल्द साफ पीने का पानी उपलब्ध हो। जिसको लेकर निगम की प्लॉनिंग है कि लोगों की मांग पर नई लाइन डालने का काम शुरू हो जाए ताकि लोगों को पीने का साफ पानी मिलें। नई लाइन डालने से लोगों की सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदल जाएंगी और भविष्य में साफ और शुद्ध पीने का पानी भी मिलेगा।

**नई एचडीपीआई लाइन बिछाई जाएगी**

***विजयश्री नगर शिव मंदिर के रहवासियों की अब दूर होगी समस्या***

### पर्याप्त प्रेशर से मिलेगा सभी को एक जैसा पानी

वही बड़ी बात यह है कि नर्मदा प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि एचडीपीआई पाइपलाइन डालने से शुरुआत से लेकर आखिरी तक कॉलोनी के सभी रहवासियों को एक जैसा पर्याप्त प्रेशर के साथ नर्मदा का पानी मिलेगा। वहीं से लोगों की कम और ज्यादा पानी मिलने की शिकायत भी दूर होगी। साथ ही लंबे समय से बनी लोगों की गंदे पानी आने की शिकायत भी दूर हो जाएगी, जिसको लेकर जिम्मेदारों ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत अगले माह में जल्द लाइन डालने का काम शुरू हो जाएगा।

## संपादकीय

# होर्मुज संकट का दूसरा खतरा: समुद्र की पारिस्थितिकी पर मंडराया बड़ा संकट

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने को लेकर अंतरिम समझौता होने के बावजूद शांति वार्ता आगे नहीं बढ़ पा रही है। एक बार संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद भी दोनों देशों की ओर से वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब केवल तेल, गैस और अन्य वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित होने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इससे समुद्र की पारिस्थितिकी पर भी खतरा मंडराने लगा है। होर्मुज जलमार्ग की नाकेबंदी से दुनिया पर आर्थिक असर को लेकर तो आकलन लगातार किया जा रहा है, लेकिन इस क्षेत्र में लंबे समय तक जहाजों की आवाजाही बंद रहने से पैदा होने वाले संभावित पारिस्थितिकी नुकसान पर अब तक कम ही ध्यान दिया गया है। हाल में किए गए एक अध्ययन के मुताबिक, बीती फरवरी से फारस की खाड़ी में खड़े डेढ़ हजार से अधिक वाणिज्यिक जहाज गंभीर पर्यावरणीय खतरा पैदा कर सकते हैं। इन जहाजों के स्थिर रहने से इनके बाहरी हिस्सों पर समुद्री जीवों और वनस्पतियों की परत जमा हो सकती है। जब ये जहाज अलग-अलग बंदरगाहों की ओर रवाना होंगे, तो इनके साथ समुद्री जीव नए क्षेत्रों में पहुंच सकते हैं, जिससे जैव-सुरक्षा के लिहाज से नया खतरा पैदा होने की आशंका है। यह अफसोसनाक है कि इस दोहरे खतरे से बेफिक्र होकर अमेरिका और ईरान अपनी-अपनी जिद पर अड़े हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने को लेकर अंतरिम समझौता होने के बावजूद शांति वार्ता आगे नहीं बढ़ पा रही है। एक बार संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद भी दोनों देशों की ओर से वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। इसी का नतीजा है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को फिर से बंद कर दिया है और इसके जवाब में अमेरिका ने दोबारा पूरे क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी है। ईरान ने बीते सोमवार को दो टूक कहा कि जब तक अमेरिका उनकी शर्तों को स्वीकार नहीं करेगा, तब तक वह होर्मुज जलमार्ग को फिर से नहीं खोलेगा। दरअसल, ईरान चाहता है कि अमेरिका नाकेबंदी हटाए, युद्ध से हुए नुकसान के लिए मुआवजा दे, आर्थिक प्रतिबंध खत्म करे और उसकी जब्त संपत्तियों को मुक्त करे। ईरान की इन शर्तों को लेकर अमेरिका कितना गंभीर है, इसका अंदाजा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान से लगाया जा सकता है, जिसमें उन्होंने कहा कि तेहरान के वार्ताकारों ने अब तक ऐसी कोई मांग नहीं उठाई है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि दोनों देशों के बीच तनाव और संघर्ष का सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों को झेलना पड़ रहा है, जिनका सीधे तौर पर इससे कोई संबंध नहीं है। हालांकि पश्चिम एशिया में फिर से शांति कायम करने की जिम्मेदारी दोनों देशों की है, लेकिन युद्ध की शुरुआत चूंकि अमेरिका और इजराइल ने मिलकर की थी, इसलिए समाधान के रास्ते तलाशने का दायित्व भी उन पर ज्यादा है। सवाल अब वैश्विक आपूर्ति शृंखला के बाधित होने से उपजे संकट का ही नहीं है, बल्कि समुद्र के पर्यावरण का भी है। लंबे समय तक जहाजों के एक ही स्थान पर स्थिर रहने और उसके बाद विभिन्न बंदरगाहों की ओर रवाना होने से उनके साथ समुद्री जीव, पौधे, परजीवी और अन्य रोगजनक सूक्ष्म जीव भी नए क्षेत्रों में पहुंच जाएंगे, जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र, मत्स्य संसाधन, जलीय कृषि और तटीय उद्योग को भी नुकसान हो सकता है। यही नहीं, अगर तेल से भरे जहाजों पर बड़े हमले होते हैं, तो समुद्र में तेल फैलने से बड़े पैमाने पर जलीय जीवों को नुकसान होगा। ऐसे में जरूरी है कि अमेरिका और ईरान मानवीय तथा पर्यावरणीय संकट की गंभीरता को ध्यान में रखकर शांति वार्ता को सफल बनाने की दिशा में सकारात्मक सोच के साथ कदम आगे बढ़ाएं।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 150900 | 154431 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 231500 | 237215 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# नया मकान बनने पर किन्नर द्वारा 21 हजार की मांग

## दोबारा पहुंचकर फरियादी को धमकाया

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अजय पिता अरूण पिडियार निवासी जनता कॉलोनी, बड़ा गणपति ने पुलिस आयुक्त, मल्हारगंज पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें अवैध रुप से किन्नरों द्वारा दूसरी बार पैसे मांगने की शिकायत की गई। अजय ने अपना नया मकान बनाया तो 21 हजार रुपये किन्नर मांग रहे थे। पहले मई माह में 4-5 किन्नर आए थे उन्होने भी 21 हजार रुपये की मांग कर अभद्र व्यवहार किया था और घर के बाहर हंगामा भी खडा किया था। अब फिर से 8 से 10 किन्नर अजय पडियार के जनता कालोनी निवास पर पहुंचे और पैसे की फिर से 21 हजार की मांग की गई, मना करने किन्नरों ने हाथापाई की ओर यह भी कहा कि अब और ज्यादा किन्नर आएंगे और तुमसे 51 हजार रुपये लेकर ही जाएंगे। अजय ने पुलिस शिकायत में बताया कि इस दौरान हाथापाई के अलावा पूरे परिवार से गाली गलौज की गई और जान के मारने की धमकी भी दी गई। इसी के बाद अजय ने जान की धमकी के बाद अपनी और परिवार की जान बचाने के लिए और किन्नरों पर कार्रवाई के लिए कल पुलिस आयुक्त और थाना मल्हारगंग में आवेदन दिया है। उल्लेखनीय है कि किन्नरों की इस तरह की शिकायत पूरे शहर से आती है। शादी-ब्याह, पुत्र रत्न, मकान, दुकान, कार्यालय के उदघाटन के शुभारम्भ के अलावा तीज-त्योहारों पर दुकानदारों से भी पैसों की मांग की जाती है। विगत दिनों किन्नरों की ज्यादा पैसों की मांग को लेकर इन्दौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने किन्नरों का नेग 200 रुपये तय किया था।



# सांवेर रोड पर पलटे दो वाहन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सांवेर रोड पर दो वाहनों के पलटने की सूचना मिली है। इंडो जर्मन के समीप एक सामान से लदा लोडिंग रिक्शा पलट गया। बताया जा रहा है कि रोड पर गड्ढे होने के कारण यह रिक्शा पलट गया। वहीं दूसरी घटना अरविन्दो अस्पताल के आगे स्थित ब्रिज के समीप हुई। यहां आयल के ड्रम से भरी आयशर पलट गई जिसके कारण जाम लग गया। अनियंत्रित आयशर पलटी तो उसमें भरे ड्रम लीकेज हो गए। सड़क पर आयल फैल गया।

# मोबाइल हैक कर यूपीआई से उड़ाए 40 हजार

**इंदौर।** साइबर अपराधियों ने अब सीधे मोबाइल हैक कर बैंक खातों में सेंधमारी शुरू कर दी है। महू थाना क्षेत्र में हैकिंग के जरिए एक व्यक्ति का मोबाइल हैक कर उसके गूगल-पे यूपीआई आईडी से 40 हजार की ऑनलाइन चपत लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात हैकर्स के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, कनाट रोड महू निवासी चेतन शर्मा पिता राजकिशोर शर्मा ने महू थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात साइबर ठग ने उसका मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद आरोपी ने चेतन की जानकारी और अनुमति के बिना उसकी गूगल-पे यूपीआई आईडी का इस्तेमाल करते हुए खाते से करीब 40 हजार ट्रांसफर कर लिए। जब पीड़ित के पास बैंक से पैसे कटने का मैसेज आया, तब जाकर उसे धोखाधड़ी का पता चला। महू थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और साइबर सेल की मदद से जिस खाते में राशि ट्रांसफर हुई है, उसके ट्रांजैक्शन ट्रेल और आईपी एड्रेस को ट्रैक किया जा रहा है।

# ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के नाम पर साइबर ठगी

**कस्टमर केयर बनकर युवती से उड़ाए 98 हजार रुपए**

**इंदौर।** महू थाना क्षेत्र के विंध्य विहार कॉलोनी में एक युवती के साथ ऑनलाइन साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ठग ने खुद को नामचीन शॉपिंग प्लेटफॉर्म एजेआईओ का कस्टमर केयर अधिकारी बताकर युवती को झांसे में लिया। आरोपी ने ऑर्डर में समस्या का हवाला देते हुए गोपनीय जानकारी हासिल की और लिंक भेजकर खाते से 98 हजार 644 रुपये की चपत लगा दी। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, विंध्य विहार कॉलोनी महू निवासी पीड़िता रूबी उपेंद्र सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उनकी बेटी अंशिका उनके बैंक खाते और यूपीआई का इस्तेमाल करती है। बीते 31 जुलाई को अंशिका के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। फोन करने वाले ने खुद को अजीयो शॉपिंग कंपनी का कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव बताया और कहा कि उसके द्वारा किए गए एक ऑर्डर में कुछ तकनीकी समस्या आ गई है। शातिर ठग ने अपनी मीठी बातों में फंसाकर युवती से बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारियां हासिल कर लीं। इसके बाद आरोपी ने युवती के मोबाइल पर एक लिंक भेजी और जैसे ही ओटीपी हासिल किया, खाते से 98 हजार 644 रुपये कटने का मैसेज आ गया। पैसे खाते से ट्रांसफर होते ही आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया। काफी प्रयास के बाद भी संपर्क न होने पर परिजनों को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने पुलिस की शरण ली। महू थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मोबाइल नंबर व बैंक ट्रांजैक्शन के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# कार की टक्कर से घायल बैंक कर्मी की 18 दिन बाद मौत

**इंदौर।** तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की सनकी सनक ने शहर के एक और परिवार की खुशियां छीन लीं। खुड़ैल थाना क्षेत्र के जामनिया में दो सप्ताह से अधिक समय पहले हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बैंक कर्मचारी ने आखिरकार अस्पताल में दम तोड़ दिया। करीब 18 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच चले संघर्ष के बाद बीती रात डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। बताते है कि नंदानगर निवासी गौरव पिता बहादुर(40) निजी बैंकिंग सेक्टर में पदस्थ थे। 24 जुलाई को वे अपने किसी आधिकारिक कार्य से बाइक द्वारा खुड़ैल के जामनिया इलाके से गुजर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उनकी मोटरसाइकिल को सीधे टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि गौरव उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगिरों और एम्बुलेंस की मदद से उन्हें तुरंत निजी अस्पताल पहुँचाया गया था, जहाँ आईसीयू में उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार रात अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। खुड़ैल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर केस दर्ज कर लिया है और टक्कर मारकर भागने वाली कार के चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# नशे में धुत छोटे भाई ने गलतफहमी में बड़े भाई पर चलाई मोगरी

**इंदौर।** परदेशीपुरा के कुलकर्णी का भट्टा में महज़ गालियां देने की गलतफहमी में छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई पर हमला कर दिया।नशे में धुत आरोपी ने कपड़े धोने की मोगरी से अपने ही सगे भाई पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे पीड़ित का हाथ लहूलुहान हो गया। पुलिस के अनुसार पीड़ित अनिल सैनी पिता रघुनाथ सैनी ने शिकायत दर्ज करवाई कि बीती रात वह घर में अपनी पत्नी संगीता से बातचीत कर रहा था। तभी उसका छोटा भाई महेश सैनी शराब में धुत होकर वहाँ आ धमका। अनिल की बातों को खुद पर लेते हुए महेश आपा खो बैठा और तू ज्यादा तेज चल रहा है चिल्लाते हुए बदतमीजी करने लगा।जब अनिल ने भाई को गाली-गलौज से रोका, तो सनकी महेश ने बिना सोचे-समझे पास पड़ी लकड़ी की भारी-भरकम मोगरी उठाई और अनिल के हाथ पर दे मारी। वार इतना जोरदार था कि अनिल की उंगली फट गई और मौके पर ही खून का फव्वारा छूट पड़ा। चीख-पुकार सुनकर जब पड़ोसी दौड़े, तब जाकर आरोपी वहाँ से भाग निकला।



## थाने पहुंचकर थाना प्रभारी मीना कर्णावत ने संभाला कामकाज

**देपालपुर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बड़े गांव थाने में नई थाना प्रभारी मीना कर्णावत ने अपना काम संभाल लिया है। थाना पहुंचने पर पुलिस स्टाफ ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की मदद और सुरक्षा के लिए है। अगर किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या हो तो वह बिना किसी डर के सीधे आकर उनसे मिल सकता है। उन्होंने अपराधियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि इलाके में गलत काम करने वालों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

# डिप्रेशन के शिकार ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ने की खुदकुशी

## निर्माणाधीन मकान की मचान पर लटका मिला शव

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक 40 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी ने अपने ही निर्माणाधीन मकान में मचान से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वे घर से साइट पर काम देखने का कहकर निकले थे। जब काफी देर तक लौटकर नहीं आए, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और मौके पर पहुँचने पर पूरी वारदात का खुलासा हुआ।

श्रीकृष्ण एवेन्यू तेजाजी नगर निवासी सचिन पिता कांति लाल (40) ट्रांसपोर्ट व्यवसायी थे। मंगलवार को सचिन परिजनों से यह कहकर निकले थे कि वे आनंद विहार स्थित अपने नए बन रहे मकान का काम देखने जा रहे हैं। जहां सचिन ने मचान से फंदा लटकाकर फांसी लगा ली।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि पहली पत्नी के असामयिक निधन के बाद से ही सचिन गहरे डिप्रेशन से जूझ रहे थे। परिजनों ने उनका अवसाद दूर करने के लिए उनकी दूसरी शादी भी कराई थी, लेकिन वे पुरानी त्रासदी से उबर नहीं पाए। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## जर्जर मकान का हिस्सा हटाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम ने परदेशीपुरा क्षेत्र में तीन मंजिला मकान का जर्जर हिस्सा हटाया। अधिकारी अंकेश बिरथरिया की मौजूदगी में हीरालाल मेहता और रामविलास यादव के मकान के जर्जर हिस्से को हटाया।

# सामान के पैसे मांगने पर दुकानदार से मारपीट

## शराब के लिए दो हजार रुपये भी मांगे, वीडियो बनाने पर दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में अम्बार नगर चौराहे पर एक दुकान में घुसकर दो बदमाशों द्वारा गुंडागर्दी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दुकान से जबरन सामान उठाने का प्रयास किया और मना करने पर दो हजार रुपये शराब के लिए मांगने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने दुकानदार व उसके कर्मचारी की पिटाई कर दी। घटना का वीडियो बनाने पर आरोपियों ने रात में दोबारा आकर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, बालाजी धाम निवासी फरियादी नितेश पिता शांतिदास बैरागी ने चंदन नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी की सिरपुर अम्बार नगर चौराहे पर दुकान है। नितेश ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 5:30 बजे अम्बार नगर निवासी अरुण और ताहिर उसकी दुकान पर पहुंचे और सामान मांगने लगे। जब फरियादी ने उनसे सामान के पैसे मांगे, तो दोनों आरोपी भड़क गए और जबरन दुकान से सामान उठाने लगे। बदमाशों ने अड़ीबाजी करते हुए कहा कि हमें शराब पीना है, शराब के लिए दो हजार रुपये दो। जब नितेश ने रुपये देने से साफ मना किया, तो दोनों आरोपियों ने उसके और दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी केदार भाई के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव के दौरान जब नितेश अपने मोबाइल फोन से बदमाशों की करतूत का वीडियो बनाने लगा, तो आरोपी शोर-शराबा करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले। इसके बाद रात करीब 9:30 बजे आरोपी अरुण दोबारा दुकान पर पहुंचा और फरियादी को धमकाते हुए बोला कि तूने हमारा वीडियो बनाया है, वीडियो डिलीट कर नहीं तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। पीड़ित दुकानदार की रिपोर्ट पर चंदन नगर थाना पुलिस ने आरोपी अरुण और ताहिर के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## ऐप डाउनलोड कराकर हैक किया फोन, प्रॉपर्टी ब्रोकर के खाते से उड़ाए 4 लाख

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर को जालसाजों ने नया क्रेडिट कार्ड जारी करने और बेहतर सिबिल स्कोर का झांसा देकर पीड़ित का मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के बैंक खाते में सेंधमारी करते हुए 4 लाख 46 हजार रुपये की रकम पार कर दी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मल्हारगंज थाना क्षेत्र निवासी प्रॉपर्टी ब्रोकर अमित धूत की शिकायत पर ठगी का केस दर्ज किया गया है।फरियादी अमित ने पुलिस को बताया कि बीती 6 अगस्त को उनके पास दो अलग-अलग अज्ञात नंबरों से कॉल आए थे। फोन करने वालों ने खुद को एक नामचीन बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का प्रतिनिधि बताया। शातिर ठगों ने अमित को बातों में फंसाते हुए कहा कि उनका सिबिल स्कोर बहुत शानदार है, जिसके आधार पर उन्हें आसानी से नया क्रेडिट कार्ड जारी किया जा सकता है। बातचीत के दौरान आरोपियों ने झांसा देकर अमित की जन्मतिथि और अन्य व्यक्तिगत जानकारियां जुटा लीं। इसके बाद ठगों ने वॉट्सऐप के जरिए संपर्क साधा और प्ले स्टोर से बैंक के नाम से मिलती-जुलती एक फर्जी ऐप डाउनलोड कराकर उसमें डिटेल्स भरने को कहा। जैसे ही अमित ने ऐप में जानकारी दर्ज की, आरोपियों ने जल्द कार्ड डिलीवर होने का भरोसा दिया। इसके कुछ ही देर बाद पीड़ित का मोबाइल फोन हैक हो गया और उनके बैंक खाते से अलग-अलग किस्तों में 4लाख 46 हजार रुपये कटने के मैसेज आ गए।

## जनसुनवाई में निगम के पास पहुंचे 30 आवेदन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल नगर निगम की जनसुनवाई में निगम आयुक्त के कक्ष में अधिकारियों की मौजूदगी में आवेदन लिए गए, कल 30 आवेदन आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत हुए। आयुक्त ने नियम अनुसार कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## आयुक्त ने किया पाइपलाइन लेइंग कार्य का निरीक्षण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** निगम आयुक्त ने कल एमआईजी क्षेत्र में अमृत-2 योजना अंतर्गत नर्मदा चतुर्थ चरण के चल रहे पाइपलाइन लेइंग कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के नागरिकों से चर्चा कर पाइपलाइन कार्य के दौरान आ रही समस्याओं एवं दिक्कतों की जानकारी ली गई तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देकर समस्याओं का निराकरण कराया गया।

## एड्स जागरूकता अभियान की शुरूआत में निकली बाइक रैली




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर शहर और जिले में आज से दो माह 12 अक्टूबर तक एचआईवी एड्स की जांच को लेकर संघन जागरूकता अभियान 3.0 की शुरूआत की गई है। आम लोगों में इस अभियान से जागरूकता बढ़ाना है। संक्रमण के कारण क्या है और उसके बचाव के तरीके क्या है, जांच उपचार के संबंध में भी इस जागरूकता अभियान में बताया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा लोग एचआईवी सिफलिस जांच एवं उपचार सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें। साथ ही एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को समाप्त किया जा सके इस अभियान के माध्यम से प्रमुख रूप से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शहरी बस्ती क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम अभियान के दौरान संचालित किए जाएंगे, जिसकी शुरूआत आज हो चुकी है। आज सुबह बड़ा गणपति से जागरूकता बाइक रैली एमजी रोड, राजवाड़ा होते हुए गांध हॉल तक निकाली गई। इस आयोजन के लिए जिला स्तरीय बैठक का आयोजन भी किया गया था और दो माह की कार्ययोजना भी बनाई गई थी। अभियान के दौरान 99 ग्राम स्तरीय बैठकों एवं 15 अगस्त एवं 02 अक्टूबर को पंचायत में होने वाली 25 ग्राम सभा में जागरूकता साथ ही लगभग 500 डोर-टू-डोर न्यूनतम 05 से 10 घर प्रति गांव में जाकर ब्रेक फ्री इंडिया पोर्टल के माध्यम से युवाओं नागरिक को ग्रामीणों को क्यूआर कोड के माध्यम से सेल्फ रिस्क असेसमेंट करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान 25 पंचायत में एचआईवी एड्स के कारण एवं बचाव से संबंधित बैनरों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिले के 243 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में जागरूकता सत्र आयोजित कर कक्षा 09 से 12वीं के छात्रों को जागरूक किया जाएगा।

## एआईपीएसओ की संगोष्ठी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन एआईपीएसओ की संगोष्ठी का आयोजन शांति और एकजुटता पर मंथन को लेकर किया गया। बादल सरोज, अमिता नीरव, सुरेश उपाध्याय, श्यामसुन्दर यादव ने उद्बोधन दिया। राहुल निहोरे, रामस्वरूप मंत्री, विजय दलाल, रामबाबू अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## सारंग खरगोन में करेंगे ध्वजारोहण

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर मंत्री विश्वास सारंग जिले के मुख्य आयोजन में बतौर अतिथि मौजूद रहकर ध्वजारोहण करेंगे।

# बिजली कंपनी में 154 कार्यालय सहायकों की भर्ती के लिए दस्तावेज परीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पूर्व में भर्ती परीक्षा के माध्यम से चयनित कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कल 13 अगस्त से किया जाएगा। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देशानुसार इन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कराया जाएगा। चौहान ने बताया कि करीब 154 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कार्य इंदौर एवं उज्जैन मुख्य अभियंता कार्यालयों की टीमों द्वारा कराया जाएगा। इंदौर रीजन अंतर्गत पोलोग्राउंड सभागार में 6 टीमों के माध्यम से 75 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कार्य होगा। वहीं उज्जैन के ज्योति नगर स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में पांच टीमें 79 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण करेगी। इसके बाद इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर पदस्थी दी जाएगी। मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि इंदौर के मुख्य अभियंता आरसी जैन एवं उज्जैन के मुख्य अभियंता एससी वर्मा को उक्त परीक्षण कार्य के लिए पर्यवेक्षण का जिम्मा दिया गया हैं।

## 150 आपदा मित्र करेंगे सहयोग

### प्रशिक्षण कार्यशाला में सीखा प्रशासन और आमजन के बीच कड़ी बनने के लिए काम



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आपदा मित्र योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला का आज क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, रालामंडल में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में 150 आपदा मित्रों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। अब यह प्रशिक्षित आपदा मित्र प्रशासन और आमजन के बीच कड़ी बनकर काम करेंगे। इन आपदा मित्रों को आपातकालीन कीट भी वितरित किए गए। एडीएम रोशन राय, डॉ. मधु राजेश तिवारी, सुमत जैन ने मौजूद रहकर अपनी भूमिका निभाई।

# सिराज बने हेयरस्टाइलिस्ट, सरफराज के बाल सेट करते हुए दिखे

**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी मैदान के बाहर फुर्सत के पलों का आनंद ले रहे हैं। इसी दौरान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का एक बेहद मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे साथी बल्लेबाज सरफराज खान के हेयरस्टाइलिस्ट की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं।

सीरीज की तैयारियों के बीच सरफराज खान, शुभमन गिल और ऋषभ पंत श्रीलंका के प्रसिद्ध हेयरस्टाइलिस्ट चतुरंगा के सैलून पहुंचे थे। वहां मौजूद मोहम्मद सिराज ने खुद ट्रिमर थाम लिया और सरफराज के बाल काटने लगे। हालांकि, सिराज ने यह काम जल्दबाजी में नहीं किया, उन्होंने पहले हेयरस्टाइलिस्ट चतुरंगा से ट्रिमर की सही सेटिंग और तकनीक समझी और फिर सरफराज के बालों पर ट्रिमर चलाया। बाद में चतुरंगा ने फिनिशिंग कटिंग पूरी की, जिसकी सरफराज और ऋषभ पंत ने जमकर तारीफ की।

सरफराज खान के लिए यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। शुरुआत में उन्हें स्क्वॉड में जगह नहीं मिली थी, लेकिन युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन के चोटिल होने के बाद उन्हें आपातकालीन रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया। साल 2024 में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज अब तक 6 टेस्ट मैचों में 371 रन (1 शतक और 3 अर्धशतक) बना चुके हैं और वे अपनी इस वापसी को भुनाने के लिए ट्रेनिंग में जुट गए हैं।

इस टेस्ट सीरीज में मोहम्मद सिराज भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह फिटनेस क्लियरेंस न मिल पाने के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अनुभवी सिराज पर पेस डिपार्टमेंट को संभालने की बड़ी जिम्मेदारी होगी, जहां उनका साथ देने के लिए प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार और जम्मू-कश्मीर के युवा तेज गेंदबाज आकिब नबी स्क्वॉड में शामिल हैं।

# शुभमन गिल के पास डब्ल्यूटीसी में सर्वाधिक रन बनाने का मौका

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ गॉल में शनिवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम की कमान युवा स्टार शुभमन गिल के हाथों में होगी। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे गिल के पास इस सीरीज के दौरान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कराने का बेहतरीन मौका होगा। यदि वे दो मैचों में महज 157 रन और बना लेते हैं तो डब्ल्यूटीसी में 3000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे।



फिलहाल गिल ने 40 डब्ल्यूटीसी मुकाबलों की 73 पारियों में 43.07 की औसत से 2843 रन बनाए हैं, जिसमें 10 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं। उनके इस रिकॉर्ड के आसपास भी फिलहाल कोई भारतीय बल्लेबाज नहीं है। भारत के लिए इस सूची में दूसरे नंबर पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (2780 रन) और तीसरे स्थान पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा (2,716 रन) हैं। वहीं, पूरी दुनिया की बात करें तो डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के कप्तान जो रूट (6651 रन) के नाम दर्ज है।

### भारत की ओर से डब्ल्यूटीसी इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ीः

**शुभमन गिलः** 40 मैच, 73 पारियां, 2,843 रन (सर्वश्रेष्ठः 269, औसतः 43.07, शतकः 10, अर्धशतकः 8)

**ऋषभ पंतः** 40 मैच, 71 पारियां, 2,780 रन (सर्वश्रेष्ठः 146, औसतः 41.49, शतकः 6, अर्धशतकः 16)

**रोहित शर्मा :** 40 मैच, 69 पारियां, 2,716 रन (सर्वश्रेष्ठः 212, औसतः 41.15, शतकः 9, अर्धशतक)

**विराट कोहली :** 46 मैच, 79 पारियां, 2,617 रन (सर्वश्रेष्ठः 254ङ, औसतः 35.36, शतकः 5, अर्धशतकः 11)

**रविंद्र जडेजाः** 48 मैच, 73 पारियां, 2,610 रन (**सर्वश्रेष्ठः** 175, औसतः 42.78, शतकः 5, अर्धशतकः 18)

**इस मामले में भी निकल जाएंगे सबसे आगे-** इसके अलावा कप्तानी के मोर्चे पर भी गिल एक नया मुकाम हासिल करने की कगार पर हैं। मौजूदा 2025-27 डब्ल्यूटीसी में वे बतौर भारतीय कप्तान 8 मैचों में 950 रन बना चुके हैं। अगर वे श्रीलंका के खिलाफ केवल 50 रन और जोड़ लेते हैं, तो वे किसी एक डब्ल्यूटीसी चक्र में 1000 रन का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय कप्तान बन जाएंगे। विराट कोहली (2019-21 में 934 रन) और रोहित शर्मा (2023-25 में 864 रन) भी कप्तान रहते हुए एक चक्र में यह कारनामा नहीं कर सके थे। एक खिलाड़ी के तौर पर एक ही डब्ल्यूटीसी चक्र में 1000 से अधिक रन बनाने की बात करें तो अब तक भारत के केवल अजिंक्य रहाणे, रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने ही यह रिकॉर्ड हासिल किया है। आगामी सीरीज में 50 रन बनाते ही गिल इस खास लिस्ट में जगह बनाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे।

# मेसी को केरल लाने का वादा था, होगी जांच

**नई दिल्ली।** लियोनल मेसी और अर्जेंटीना की विश्व कप विजेता टीम को केरल लाने का वादा आखिर क्यों पूरा नहीं हुआ, इस सवाल ने अब नया मोड़ ले लिया है। पिछली सरकार के कार्यकाल में किए गए इस एलान को लेकर उठे सवालों की जांच पूरी हो चुकी है और रिपोर्ट सरकार तक पहुंच गई है। हालांकि, रिपोर्ट में क्या सामने आया है, इसे लेकर फिलहाल सरकार ने चुप्पी साध रखी है। इसी वजह से अब सबकी नजर इस बात पर है कि जांच में क्या मिला और सरकार आगे क्या कदम उठाती है।



केरल के खेल मंत्री ओ जे जनीश ने बताया कि खेल विभाग ने मेसी और अर्जेंटीना टीम के प्रस्तावित केरल दौरे को लेकर अपनी जांच पूरी कर ली है। खेल विभाग के विशेष सचिव ने विभाग के पास मौजूद फाइलों की जांच के बाद यह रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट को अब आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को सौंप दिया गया है। हालांकि, मंत्री ने रिपोर्ट के निष्कर्षों का खुलासा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, रिपोर्ट सरकार को बेहद गोपनीय तरीके से सौंपी गई है। फिलहाल मैं सिर्फ इतना ही बता सकता हूं। सरकार इस पर उचित फैसला लेगी और सभी को इसकी जानकारी देगी।

खेल मंत्री के मुताबिक, मीडिया और फुटबॉल प्रशंसक लगातार सवाल उठा रहे थे कि पिछली सरकार की ओर से मेसी और अर्जेंटीना टीम को केरल लाने की घोषणा आखिर पूरी क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि फुटबॉल प्रशंसकों ने भी मामले की जांच की मांग की थी। इसके बाद विभाग ने उपलब्ध तथ्यों की जांच की और उसे लगा कि मामले में आगे जांच की जरूरत है। जांच में यह भी देखा गया कि किसी अंतरराष्ट्रीय टीम या खिलाड़ी को भारत लाने के लिए देश में लागू नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया गया था या नहीं।

# ताइक्वांडो स्पर्धा 21 एवं 22 को

**इंदौर ।** राज्य स्तर ताइक्वांडो प्रतियोगिता 21 एवं 22 अगस्त को इंदौर में आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता में सबजूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर वर्ग के मुकाबले होंगे । यह प्रतियोगिता स्थानीय भारतीय स्काउट हॉल इंदौर में रखी गई है । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का वजन समूह 21 तारीख को सुबह 8 से 12 तक प्रतियोगिता स्थान पर रखा जाएगा । स्पर्धा के लिए अमित परिहार, रितिक यादव, हिमांशी यादव, महक शर्मा व वीरेंद्र पवार 3 र्ड डेन ब्लैक बेल्ट एवं विश्वामित्र अवॉर्डी से संपर्क करें।



# अब्बासी, अलीजा रिफत का चयन

**इन्दौर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसजीएफआई के तत्वावधान में आयोजित इंटर स्कूल बेसबॉल टूर्नामेंट में इस्लामिया करीमिया सोसाइटी द्वारा संचालित सेंट उमर एकेडमी की अंडर-14 बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन इंदौर जिला बेसबॉल टीम में हुआ है । अमीर अब्बासी (अंडर-14 वर्ग), अलीज़ा खान (अंडर-14 बालिका वर्ग) तथा रिफत नूर (अंडर-17 वर्ग) में खेलेंगे । इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या माला जॉन, कोचेस फरहान खान एवं लीशा शेख तथा इस्लामिया करीमिया सोसाइटी की प्रबंध समिति ने सभी विजेता एवं चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आखिरकार 10 साल बाद रोनाल्डो ने रचाई शादी, जॉर्जिना को दिया सरप्राइज

**नई दिल्ली ।** फुटबॉल की दुनिया के महानायक क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैदान से दूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर फैंस को एक बहुत बड़ा सरप्राइज दिया है। पुर्तगाल के इस दिग्गज फुटबॉलर ने अपनी लॉन्ग-टर्म पार्टनर जॉर्जिना रोड्रिगेज के साथ 11 अगस्त को शादी के अटूट बंधन में बंधने का फैसला किया। इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस का तांता लग गया। रोनाल्डो ने खुद अपनी और जॉर्जिना की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर शेयर कर इस खबर पर मुहर लगाई जिसमें दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे अपनी वेडिंग रिंग्स दिखाते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह शादी पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन के पास स्थित खूबसूरत तटीय शहर कासकैश में संपन्न हुई। शादी का यह समारोह बेहद निजी और आत्मीय था जिसमें



किसी बड़े तामझाम के बजाय सिर्फ यह जोड़ा और उनके पांचों बच्चे ही शामिल हुए। रोनाल्डो और जॉर्जिना के इन पांच बच्चों के नाम क्रिस्टियानो जूनियर, जुड़वां बच्चे ईवा व मातेओ, अलाना मार्तिना और बेला एस्मेराल्डा हैं।

**2016 में हुई थी रिश्ते की शुरुआत-** दोनों के रिश्ते की शुरुआत करीब एक दशक पहले 2016 में स्पेन की राजधानी मैड्रिड में हुई थी। तब रोनाल्डो रियल मैड्रिड के लिए खेला करते थे और जॉर्जिना गुच्ची के एक बुटीक में सेल्स असिस्टेंट के रूप में काम करती थीं। पहली मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद एक ब्रांड इवेंट में दोनों की दोबारा बातचीत हुई, जिसके बाद प्यार का यह सिलसिला शुरू हुआ। स्पेन से शुरू हुआ यह सफर इटली, इंग्लैंड और अब सऊदी अरब तक पहुंचते-पहुंचते एक बेहद खूबसूरत और मजबूत परिवार में बदल चुका है।

**5 बच्चों के माता-पिता-** नवंबर 2017 में जॉर्जिना ने अपनी पहली बेटी अलाना मार्तिना को जन्म दिया था। हालांकि, उससे कुछ ही महीने पहले सरोगेसी के जरिए जन्म लेने वाले जुड़वां बच्चों (मातेओ और ईवा) और रोनाल्डो के बड़े बेटे क्रिस्टियानो जूनियर को भी जॉर्जिना ने हमेशा अपने सगे बच्चों की तरह ही पाला-पोसा है। दोनों हमेशा से ही एक-दूसरे के सुख-दुख में ढाल बनकर खड़े रहे हैं।

# चोरी की गाड़ियों के पार्ट्स बेचने वाला फरार कबाड़ी गिरफ्तार

## दो गोदाम सील

### हाइड्रोलिक मशीन जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में वाहन चोरी और अवैध कबाड़ कारोबार के नेटवर्क पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है। दौलतगंज रानीपुरा स्थित कबाड़ दुकान से चोरी की गाड़ियों के इंजन और कलपुर्जे खरीदने व बेचने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से ढाई लाख रुपये कीमत की स्क्रैप हाइड्रोलिक मशीन जब्त कर उसके गोदाम को सीलबंद कर दिया है। इसके साथ ही पूर्व में पकड़े गए मुख्य आरोपी के गोदाम को भी पुलिस ने सील लगाकर बंद कर दिया है।




क्राइम ब्रांच की टीम ने रानीपुरा स्थित कबाड़ दुकान पर दबिश देकर पूर्व में आरोपी अल्ताफ अंसारी और अरशद अंसारी को गिरफ्तार किया था। उस दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दोपहिया गाड़ियों के पार्ट्स और 12 इंजन जब्त किए थे, जिनमें से 3 इंजनों के नंबर घिसे हुए पाए गए थे। इस मामले की पड़ताल के दौरान आरोपी फहीम अंसारी निवासी थाना कोतवाली क्षेत्र की संलिप्तता सामने आई थी, जिसके बाद से वह लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर फरार आरोपी फहीम को धर दबोचा। आरोपी की निशानदेही पर उसके गोदाम से गाड़ियां काटने में इस्तेमाल होने वाली स्क्रैप हाइड्रोलिक मशीन जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया। वहीं मामले में शामिल दूसरे आरोपी अल्ताफ अंसारी के गोदाम पर भी पुलिस ने विधिवत सीलिंग की कार्रवाई की है। आरोपी फहीम केवल चौथी कक्षा तक पढ़ा है और लंबे समय से स्क्रैप का धंधा कर रहा था। पुलिस अब उससे वाहन चोरी के इस बड़े नेटवर्क और अवैध कबाड़ व्यापार से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## हत्या-चाकूबाजी में घायल की मौत

### घटना के बाद चल रहा था वेटर का इलाज

**इंदौर।** शहर में खाकी के खौफ से बेपरवाह घूम रहे आदतन अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी खौफनाक बानगी हीरानगर क्षेत्र में देखने को मिली। लसूड़िया पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे कुख्यात नशेड़ियों ने खाटू श्याम भजन संध्या से लौट रहे एक बेकसूर वेटर को घेरकर चाकू से गोद दिया। दो दिनों तक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूलने के बाद मंगलवार देर रात पीड़ित ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर आते ही हरकत में आई पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं बढ़ाकर फरार आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है।



मूल रूप से ललितपुर निवासी तेजपाल पिता प्यारेलाल पाल महज दो महीने पहले अपनी पत्नी और 5 महीने के दुधमुंहे बेटे के साथ इंदौर आया था। वह लाहिया कॉलोनी में रहकर एक रेस्टोरेंट में वेटर का काम करता था। रविवार रात करीब 1 बजे जब वह भजन संध्या से घर लौट रहा था, तभी चार बदमाशों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने अंधाधुंध चाकूबाजी कर उसे लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में भी तेजपाल ने हिम्मत दिखाकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद डायल-112 उसे अस्पताल ले गई थी। जांच में लाहिया कॉलोनी निवासी कल्ला, बब्बा और उनके साथियों का नाम सामने आया है। कल्ला शातिर अपराधी है, जिस पर छेड़छाड़ और चाकूबाजी के कई मामले दर्ज हैं। कल्ला ने हाल ही में लसूड़िया क्षेत्र की स्कीम-136 में भी चाकूबाजी की थी। लसूड़िया पुलिस जब तक उसकी घेराबंदी करती, वह फरार हो गया और इसी फरारी के दौरान उसने हीरानगर में वेटर तेजपाल को मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी अपने मोबाइल स्विच-ऑफ कर फरार हो गए हैं। हीरानगर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।



## धूं-धूं कर जल उठे तीन वाहन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर में बीती रात आगजनी की घटना हुई है। राजा कश्यप ने बताया कि आग बिजली के ट्रांसफार्मर में लगी थी, जिसकी चपेट में समीप खड़े तीन दो पहिया वाहन आग गए। आग के कारण तीनों वाहन जलकर खाक हो गए। सूत्रों के मुताबिक एक युवक का हाथ भी जल गया। हालांकि समय रहते आसपास के लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में 60 फीट रोड पर कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। टक्कर के बाद आरोपी भाग निकला। घायल का नाम ऋषि पिता बलरामसिंह ठाकुर निवासी मराठी मोहल्ला सदर बाजार है। उसकी रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश की जा रही है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि कार चालक अपनी कार तेजी और लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया और सामने से मेरी गाड़ी में टक्कर मार दी। मैं और साथी गाड़ी सहित नीचे गिर गए। गिरने से मुझे पैरों और हाथ में चोट आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया।

# चलती बाइक में लगी आग

## सिक्योरिटी गार्ड ने कूदकर बचाई जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**आज सुबह करीब 7.30 बजे विक्रम पिता रमेशचन्द्र यादव अपनी बाइक एचएफ डिलक्स एमपी-39 एमयू 1290 से एमआर-10 ब्रिज पर जा रहे थे तभी चलती बाइक में आग लग गई। पेशे से गार्ड का काम करने वाले विक्रम ने आग लगने के बाद गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे बाइक में अच्छा खासा नुकसान हुआ। बंगले से सेक्योरिटी गार्ड का काम पूरा कर आज सुबह अपने गांव रेवती विक्रम लौट रहा था तभी आग की घटना घटी।**



छाया- सतीश शर्मा

आग बाइक के इंजन के नीचे लगी थी जो पूरी बाइक में फैल गई। आग बुझाने की कोशिश भी की गई, लेकिन बाइक की आग नहीं बुझी, जबकि फायर सेफ्टी उपकरण का उपयोग भी किया गया था। बाइक करीब 4 साल पुरानी बताई गई, यह भी बताया कि पेट्रोल लीकेज होने से यह आग लगी। यह तो गनीमत है कि विक्रम बाइक से कूद गया था अन्यथा वह भी आग की चपेट में आ जाता।

## सवा लाख की एमडी ड्रग्स के साथ सुखलिया का युवक गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने एमआर-10 ब्रिज के पास टंट्या मामा भील टर्मिनल के समीप घेराबंदी कर 12 ग्राम अवैध एम.डी. ड्रग्स के साथ एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई एम.डी. ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत



लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, क्राइम ब्रांच की टीम गश्त और पतारसी के दौरान एमआर-10 ब्रिज के नीचे टंट्या मामा भील टर्मिनल के पास मौजूद थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक कंधे पर नीले रंग का पिट्ठू बैग टांगे सड़क किनारे अंधेरे में अकेला बैठा दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उससे वहां बैठने का कारण पूछा, तो वह घबराकर हड़बड़ाने लगा। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अमित वर्मा निवासी सुखलिया बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के बैग की बाहरी जेब से 12 ग्राम अवैध एम.डी. ड्रग्स बरामद हुआ। उक्त मादक पदार्थ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस न होने पर पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। थाना क्राइम ब्रांच में एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी 12 वीं तक शिक्षित है और कटलरी का काम करता है, जिसके खिलाफ पूर्व में जुआ एक्ट और मारपीट के मामले भी दर्ज हैं। पुलिस अब उससे नशे के इस नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।